अब मैं डिंमाड नम्बर तीन जो होम की है उस पर ला एंड आर्डर के बारे में कुछ कहना चाहताहूं। चेयरमैन साहब, आप जानते है कि हरियाणा के अन्दर और खासकर सोनीपत ओर रोहतक के अन्दर ला एंड आर्ड की क्या हालत हैं कांग्रेस एम0एल0एज0 ने भी पार्टी के अन्दर इस बात को उठाया था लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। चेयरमैन साहब, सोनीपत और रोहतक के अन्दर जितने भी पूलिस के थाने है, वे आज रि वत के अडडे बने हुये है। मैं सदन को सोनी पत के एक केस के बारे मे बताना चाहता हूं। वहां पर एक बाल्मीकि लउके को सिकी लडाई झगडे के सिलसिल मे गिरफातार कर लियागया। कुछ समय बाद दोनों पार्टीज मे राजीनामा हो गया। उस लडके को लेकरदोनो पार्टीज थाने में जाने लगी। बाल्मीकि के लडके ने कहा कि मै ंथाने में नहीं जाउंगा क्योकि वह पूलिस क मार से बहुत अधिक डरा हुआ था लेकिन जब बिरादरी के लोगक उसको

जबरदस्ती थाने मे ले जाने लगे तो उसी समय स्टै न पर रेल आ गई और उस लडके ने थाने के डर से खुदकु ी करली।

चेयरमैन साहब, इसी तरह से हरिजनों की एक लडकी की मौत हुई हैं इस बारे में मैं आपको यह बतानाचाहता हूं कि रोहतक के अनदर एक आठवींऔर नौवी क्लास मंपढने वाली लडकी के साथ बडा भारी अतयाचार हुआ। चेयरमैन साहब, लडकियों सब की एक समान होती है। आपकी हो, मेरी हो या किसी और की हो, हम सब को बडे आदर के साथ उनसे सव्यवहार करना चाहिये। एक लउकी सुबह अपने स्कूल में गई और वहां से उसको कोई बुलाकर ले गया। (ोर एवं व्यवधान)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, यह बात जो संत कवंर जी बता रहे है, यह तो एक साल पुरानी बात है। (ोर एवं व्यवधान)

चौधरी संत कवंरः अगर एक साल पुरानी बात है तो भी यह आपके सरकारी विभागों का..........................है। .... (ोर)

श्री सभापतिः यह निकम्मापन भाब्द सदन की कार्यवाही में से निकाल दिया जाये।

चौधरी संत कवंरः चेयरमैन साहब, मैंने कोई ऐसा बूरा लफज नहीं कहा है जोकि आप एक्सपनज करवा रहे है। चेयरमैन साहब, मैं भाई बीरेन्द्र सिह जी को यह बताना चाहता हूं कि जिस

स्कूल में वह लडकी पढती थी, उस स्कूल का जो मालिक था, वह कांग्रेस यूथ का जनरल सैक्रेटरी था। (ाोर) वहां से उस लडकी को कोई बुलाकर ले गया, आधी छुट्टी के अन्दर लडकिया घर गई तो उनके घरव0ालों को किसी ने बताया कि आप की लडकी को कोइ स्कूल से बुलाकर लेगयाहै। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः संत कंवर जी, फिर आपने इस बारे में क्या कार्यवाही की? क्या आपने पुलिस वगैरह में कोई रिपोर्ट दर्ज करवायी?

चौधरी संत कवंरः जब लडकी वाले थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिये गये तो उनहोने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और टालमटौल कर दिया। ाम के वक्त तक लउकी की तला ा जारी रखी गयी। उस लडकी की ला ा रोहतक मैडिकल कालेज के पास एक तालाब से मिली और डाक्टरी रिपोर्ट के मुताबिक उस लडकी के साथ रेप किया गयाथा और बाद में मारा गया था। मैं डाक्टर मंगल सैन और चौधरी हरिचन्द हुड्डा, चार बाररोहतक में एस0एस0पी0 साहब को मिले डी0आई0जी0 गुड़गांव रेंज को भी मिले, आई0जी0 साहब को भी इस बारे में ि ाकायत की और फिर गृहमंत्री महोदय के दफतर में भी जाकर के यह सारी बात कही। फिर चेयरमेन साहब, आप ही बताये कि हम इसके इलावा क्या कर सकते थे? हम अपने वजीरों के नोअिस मे ंभी यह बात लाये लेकिन आज तक उस पर कोइ कार्यवाही नही की गयी।। हम जलसे–जलूसों में भी इन बातों का जिक करते रहे। इस कारण से

मेने पुलिस के लिये ....का भाब्द इस्तेमाल किया था। इसलिये मैं यह बातना चाहता हूं कि हमारे सोनीपत और रोहतक दोनों जिलों में इस तरह की ला एंड आर्डर की स्थिति चल रही है कि किसानों के टयूबवैल्ज तक भी चोरी हो जाते है। जो सामान बाहरखेतों में उनकी जरूरत का रखा होता है, वह भी चोरी हो जात है जिससे बेचारे किसानों को काफी नुकसान उठाना पडता है। किसानों को खेतों के अन्दर कोई भी सामान महफूज नहीं है। बार–बार वहां पर चोरियां हुई है। सांपला के पास एक ट्रेन में डकैती हुई। लउकी काकत्ल किया गया लेकिन अभी तक इसमामले मे कोई गिरफतारी नहीं की गयी। क्योंकि इनके यूथ कांग्रेस के लोगों का वह स्कूल था जहां पर वह लडकी पढती थी। हमने डी0आई0जी0. साहब को कहा कि हम तीन चार आदमियों के नाम आपको बताते है, असव य ही उन से आप के कातिल कापता लग जायेगा। आप इन लोगों को गिरफतार करिये लेकिन कोई भी अफसर उनमैं से किसी को गिरफतार करनेके लिये तैयार नहीं है। चेयरमैन साहब, आज अगर हम आपके सामने उन नामों को बतायेगें तो हमें वि वास है कि उन्ही में से आपको कातिल मिलेगें। लेकिन सरकार इस बात की इंक्वायरी करवाने के लिये तैयार नहीं होगी क्योकिं इससे आपकी पार्टी की बदनामी होगी। इस तरह से आपकी पार्टी ऐसे लोगों को पनाह होती है या भाह देती है जिससे ऐसे लोगों को होसला बढ जाता है।

चेयरमैन साहब, इसी तरह से एक बदमा ा को पुलिस ने गिरफतार किया और जब पुलिस उस बदमा ा का मुंह काला करके बाजार में उसका जलूस निकालने के लिये तैयार हुई, वहां पर एक श्री बरा नाम के आदमी जोकि मुख्यमंत्री महोदय के काफी नजदीक माने जाते है, पुलिस स्टे ान में गये ओर एस0एच0ओ0 से बातचीत करके आये ओर उस बदमा ा का मुंह धुलवाया और उसको बाहर ले आये, हांलाकि उस बादमा ा काथाने में मुंह काला किया जा चुका था। उसको वापिस थाने के अन्दर ले जाया गया और उसका मुंह साफ किया गया। मेरा कहने का मतलब यह है कि इस तरह के कारनामें इनकी पार्टी के लोग करते है। मैं आपको बताता हूं कि चेयरमैन साहब, रोहतक, झज्जर, मेहम, सोनीपत , बहादुरगढ बगैरह मे जितने भी थाने है, वहां पर सब मेंरि वत खुले आम चलती है ओर इसकारण इन दो जिलो में डकैतियां बहुत हो रही है और मुलजिम पकडें भी नहीं जा रहे है।

चेयरमैन साहब, मैं आपको बताताहूं कि मोरखेडी के पास एक सरंपच जोकि बलियाना कारहने वाला था, ने ि ाकायत की कि एक चावलों का भरा हुआ ट्रक समगलिंग के लिये जाया जा रहा है। उसका जो मूलजिम था, वह मटिन्ड गांवका रहने वाला था। उस को पकड कर जब थाने के अन्दर लाया गया तो मैं अचानक वहां पर ही बैठा था औरवहां पर ही टेलीफोन पर थानेदार पर दबाव डाला गयाकि चुंकि यह आदमी किसी मंत्री महोदय के कुनबे से संबंधित है, इसलिये इसको छोड दिया जाये।

चेयरमैन साहब, कुछ दिनों के बाद जब मुख्यमंत्री महोदय खरखौदा में गये तो इसी आदमी ने मुख्यमंत्री महोदय को हाथी के उपरचढाकरउनका जलूस निकाला। इससे, चेयरमैन साहब, आप अन्दाजा लगकासकते है कि डकैतियों में और चोरियों में पुलिस को अगर मजबूर कियाजाए तो फिर ला एंड आर्डर की हालत कैसे सुधर सकती है, इसी तरह से सहमदपुर के बार्डर पर चावलों का एक ट्रक नरेला की तरफ ले जाया जा रहा था और उस ट्रक में हमारी राज्य मं?ी श्रीमती भाान्ति राठी जी को बेटा बैठा था। जब उसे रोका गयातो उसने थानेदार को कहा कि मैं मंत्री काबेटा हू। इस मामले में भी थानेदार के उपर एस0एस0पी0 द्वारा दबाव डाला गया। चेयरमैन साहब, हमारे दोनों जिलो ंके अन्दर ला एंड आर्डर की हालत बहुत खराब है। भगोलपूरी और सुलतानपुरी के अन्दर बडे–बडे चोरों के गैंगज है जो कि बाकायदा सोनीपत ओर रोहतक मे आते है और चारियें वे डाके डाल करके लोगों को लूट कर वापिस चले जाते है। लेकिन वे गैंगज पुलिस से मिले हुये है और रात को व दिन को किसानों के खेतों से उनकी मोटरें और दूसरा कीमती सामान, जोकि किसान की एक किस्म की सम्पति होती है जिसके बगैर किसान का कोई गूजारा नहीं है, उठाकर ले जाते है। इसतरह के कत्ल के कई केसिज है जिनमें सरकार ने जानबूझकर कर अपराधियों को गिरफतार नहीं किया है ओर न ही करनाचाहती है कायोकिं वे सभी इनके अपने ही पाले हुये आदमी है। दूसरी तरफ`हालत यह हो रही है कि लोग आजकल थानों में जाने से भी घबराते हैं लोग कहते हे कि पहले हरेक काम के लिय

फीस देनी पडती है। किसी की ि ाकायत करने जाना हो तो पहले सिपाही, फिर हवलदार और थानेदार को पहले रि वत देनी पडती है। अगररि वत न दी जाये तो किसी भी ि ाकायत पर कार्यवाही नहीं होती। इसबारे में हमने आई0जी0 साहब ओर पोसवाल साहब को भी चिटठी लिखी कि आप कृपया इसतरफ ध्यान दे। गरीब लोगों को तंग किया जा रहा है, इस तरह की पुलिस की धांधलियों कोसमाप्त किया जाये लेकिन कोई मंत्री या कोई सरकारी अफसर इस तरफ ध्यान देने के को तैयार नहीं है। (घंटी)

चेयरमैन साहब, अब मैं एग्रीकल्चर की डिमांड पर आता हूं। चेयरमैन साहब, मै। इस डिमांड नं0 17 पर बोलने के लिये आपके दो तीन मिनट लुंगा। आज किसानों की क्या हालत है? आज किसान की हालत बहुत बुरी है। एक तरफ तो ओले पडे है, दूसरी तरफ बरसात हो गयी और किसान बेचारा बुरी तरह से मारा गया। किसानों के खेतों में बहुत ज्यादा पानी खडा हो गया, गेहूं की फल बुरी तरह से बरबाद हो गयी और गेंहूं की दो से तीन मन यील्ड पर–बीघा कम हुई है। सरकार यह कहती है कि 400 रूपये पर–एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया जायेगा लेकिन बहुत थोडा है। हमारे को इस बारे में कोई बात कहने ही नहीं दी जाती है ओर अगर कुछ कहते है तो मा ाल द्वारा बाहर निकलवा दिया जाताहै। आज हमें नंगा होकर यहां पर इसलिये बोलने पर विव ा होना पडा है क्योंकि आज किसानों के हितों को बुरी तरह से कुचला जा रहा है उसे उसकी जिन्स की सही

कीमत नहीं मिल रही है। जो फसलें ओले पडने के कारण या बरसात के कारण किसानों की बरबाद हो गयी है, उन का मुआवजा सरकार की तरफ से सही रूप में नही दिया जा रहा है, इसलिये हमें यहां पर आवाज उठाना पड रही है। गरीब किसान की आज यह हालत है कि उसकी एक छोटी बच्ची जोकि आठ–नो साल की है, अपने सिर पर तब तक रहताहै जब तक उसकी अर्थी नहीं निकल जाती। बेचारे गरीब लोग इस तरह से अपने परिवारों को गुजारा कर रहे हैतरफ से सही रूप नहीं दिया जा रहा है इसलिये हमें यहां पर आवाज उठानी पड रही है परन्तु सरकार बिल्कुल चुप है। उसे किसी गरीब के उपर किसी किस्म की कोई दया नही आ रही है। गरीब किसान की आज यह हालत है कि उसकी एक छोटी बच्ची जोकि आठ नौ साल की है अपने सिर के उपर गोबर की टोकरी उठाती है और उस गोबर की टोकरी का भार उसके सिर पर तब तक रहता है जब तक उसकी अर्थी नहीं निकल जाती। बेचारे गरीब लोग इस तरह से अपने परिवरों का गुजारा कर रहे है लेकिन सयह सरकार टस से मस नहीं हो रही हाअैर गरीब किसानों का खून चूस रही है।

चेयरमेन साहब, यहां पर किसान की फसल के बीमे की बात भीकही जाती है कि किसानों की फसलों के लिये सरकार बीमा करना चाहती है लेकिन इस बीमे की रकम केवल 28 लाख ही रखी है जोकि बहुत थोडी है। आप ही बताइये कि इतनी थेडी राशि से किसानों का भला नहीं होने वाला है। फिर इस पर भी

सरकार को सबर नहीं। सरकार यह कहती है कि इस पैसे को भी तब किया जाएगा जब फसलों की एवरेज निकाली जायेगी। चेयरमैन साहब आज अगर एक गांव में ओलने पडते है और आधा दूसरे गांव मे ओले नही पडते तो इस हालत में सरकार क्या करेगी। इसलिये सरकार को सारी बातों का ध्यान रखना चाहिये।

अब मैं डिमांड नम्बर 22 पर कुछ बोलना चाहता हूं जो कोआपरे ान विभाग से संबंध रखती है। इस विभाग मं लोगों की अप्वायंमैंटस के बारे में काफी गडबड हुई है। केवल एक ही कौम के 100 मे से 80–90 लडको को लिया गया है या फिर दूसरी तरफ मुख्य मंत्री महोदय की तरफ से जो लिस्ट थी उसमें से लडकों को लिया गया है। मतलब कि ठाकुर बिरादरी ओर बि नोई बिरादरी के लोगों को ही नौकरिया दी गयी है। एक कौम का अछुत बना दिया, दुसरी को यह कह दिया कि आप तो चौधरी चरण सिंह जी के आदमी हो। जो जाट थानों में लगे हुये थे, उनको एक दू मुधबन में भेज दिया। चेयरमैन साहब, मेरा कहने का मतलब यह है कि जो थानों में लगे हुये जाट बिरादरी के आदमी थरे उन सब को पूलिस लाइन में भिजवा दिया गया।

Mr. Chairman: It is neither in the interest of your community nor of these officers.

चेयरमैन साहब, अब मैं जनरल एडमिनिस्ट्रे न पर बोलना चाहता हूं। हमारे तमाम अफसरों को ये अपनी–2 मर्जी की जगह लगा रहे है। यही नहीं, बकायदा लिस्टें बनने लग रही है,

क्योकि अब चुनाव नजदीक आ रहे हे इसलिये अपनी मर्जी के अफसर लगाने लग रहे है। (विघन) हम तो इसलिये नहीं घबराते कि हम तीन साल तक लडर्ते रहे अब तो सिर्फ 15 दिनों का मामला है। अगले महीने की 10 तारीख को मामला तय हो जाएगा। जनता हमारी सरकार बनवायेगी और हम उधर के बैचों पर होगें। (विघन) चेयरमैन साहब, एक तरफ तो सरकार कितना ख्,ार्च करने लग रही है। ये कहते है कि इस घाटे का हम पूरा करेगें। आप घाटे को पूरा करना चाहते हैलेनिक मै बताता हूं। आप किसी भी जिले में चले जाये।..

....

....ये जीपें तो अफसरों को इसलिये मिली हुई है ताकि वे गांवों में लेगों की तकलीफे सुनने के लिये जाये। केवल इतना ही नहीं है ये जीपें दिल्ली तक भी जाती है।..............

....

....

................................जिस ड्रादवर की डियूटी नहीं थी उसको घर से बुला कर ल गया और खुद जीप चलाने लगा रास्ते में जब जीप का एक्सीडेंट होने लगा तो ड्राइवर को साईड पर बिठा दि। उस एक्सीडंट में ड्राइवर मारा गया। बाद में कागजों की खाना पूरी कर दी कि ड्राइवर जीप चला रहा था। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर सरकार पैसा बचाना चाहती है तो वह इस पर अकुं ा लगायें। कार्पोरे ांज पर जिस तरीके से पैसा खर्च हो रहा है, वह सबको मालूम है।...

....

.....

Finance Minister(Chaudhri Khurshed Ahmed): Sir, this general type of allegations cannot be allowed on the floor of the House against a section of employees of a Corporation.

Mr. Chariman: They are expunged.

श्रीमती डा0 कमला वर्मा (यमुनानगर): सभापति महोदय, मैं डिंमाड नं03 पर बोलना चाहती हूं जिसमें 27 करोड 92 लाख 33 हजार 64 रूपये मांगे गये है। पैसा तो इन्होने ले लिया। इसका मुझे दुख नहीं लेकिन इस वक्त हरियाणा की जो कानून व्यवस्था है उसको अगर अच्छी तरह से देखा जाये तो सचमुच भार्म आतीळैं इस वक्त हरियाणा में बसों के अन्दर बैकों के अन्दर और बस–डिपुओं के अन्दर किस तरह से डकैतियां और चोयिा ं हो रही है? हरियाणा की पुलिस चाहे कितने ही नये पुलिस स्टे ान खोल ले लेकिन क्या वह हरियाणा की जनता को वि वास दिलायेगी कि वह लोगों के जान व माल की रक्ष करेगी? आज हरियाणा के अन्दर लडकिासें की इज्जत सुरक्षित नहीं है। यमूना नगर में अक्तुबर मास में एक केस हुआ। एक गरीब आदमी जोकि दिहाडी पर काम करने वाला था वह रात को पेपर मिल में डियटी पर गया। बाद में उसकी घर वाली अपने घर में अकेली थी। वह लडकी बहुत दलेर उसका नाम चिन्ता है। लेकिन 24 अक्तूबर की रात को 11 बजे उसके घर के अन्दर कोई व्यक्ति

घुस गया। उस लडकी ने बडी हिम्मत की, जब उस व्यक्ति ने उसकी इज्जत लुटने का प्रयास किया तो बाहर उसके आंगन में एक कुल्हाडी पडी थी जिसे उसने उस आदमी की तरफ फैंक दिया। मैं मानती हूं कि उस कुल्हाडी को फैकने की वजह से उस आदमी को चोट आई होगी लेकिन मैं उस लडकी को बधाई देती हूं कि उसने अपनी इज्जत बचपाने के लिये इतनी बहादरी दिखाई। दूसरे दिन उस लडकी के पति को पूलिस पकड कर ले गई तो मेरे पास वह लडकी आई । मैने उस लडकी से कहा कि पहले आप मुहल्ले के आदमियों को बुला कर लाओ ।अैरअगर वे मुझ को वि वास दिलायेगें कि तुम रात को अकेली थी ओर घर में वह आदमी घुसा था तो मैं आपकी सहायता करूंगी। थोडी देर बाद उस मुहल्ले के कुछ आदमी और कुछ औरतें उसके साथ आ गये और उनहोने मुझे व्रि ववास दिलाया। मैं उनके साथ थानें के अन्दर गई। एस0एच0ओ0 ने मेरी बात सुनी और कहा कि हम देख लेगें। लेकिनइतने मकें ही वहां डी0एस0पी0 साहब आ गये मैने कहा चौधरी साहब अगर एक लडकी अपनी इज्जत बचाने के लिये ऐसा काम करती है तो क्या यह गलत हैं यह ठीक है कि उसने कानून को अपने हाथ में लिया है तो डी0एस0पी0 ओर पोसवाल साहब से इस बारे में ुोन पर बात की ओर बताया कि अगर सैल्फ डिफैंस में कोई लडकी ऐसा करती है तो क्या आप उसकी मदद नहीं करोगे? उन्होनें कहा कि हम ऐसे केसिज में मदद करते है लेकिन हुआ कुछ भी नहीं। केस उसी आदमी का दर्ज किया उस के पति को नाजायज तंग किया गया फिर उस की पांच छः सौ

रूपये खर्च करके सै ान कोट्ढ से जमानत हुई ि कच्ची दिहाडी पर काम करने वाले ने कर्ज लेकर जमानत कराई।आज भी केस चल रहा है। क्या गरीब आदमी को यही न्याय मिलता हैं? ऐसी बातों को देखते हुये कौन सी लडकी अपनी इज्जत बचाने के लिये सैल्फ डिफैंस में आगे आयेगी। क्या गृह मंत्री जी मुझे इस बात का जवाब देगें कि ऐसी लडकियों की वे क्या सहायता कर रहे है? आज पुलिस ने हद ात का वातावरण पैदा किया हुआह ै इसी तरह से दो महीने पहले नारायणढ में एक घटना हुई। एक ि ामला के डी0आई जी0 ने अपना मकान बनाने के लिय ि ामला से लकडी लाने के लिये एक ट्रक हायर किया। वह नानक सिंह का ट्रक था जो नारायणगढ का रहने वाला था। जब वे वापिस नारायणगढ पहुचे तो रास्ते में नानक सिंह अपनी लकडी अतारना चाहता था जो वह उसी ट्रक में लाया था। उस ट्रक में लकडी लाने वाला डी0आई0जी0 का रीडर था उस रीडर के साथ ट्रक मालिक की कुछ तू–तू–मैं–मैं होगई । उसने पुलिस को टेलीफौन कियाओर नानक सिह व अन्य दो आदमी अरैस्ट करवा दिये। उन तीन आदमियों की थाने में पिटाई की गई। पिटाई करने के बाद सारे भाहर के अन्दर दह ात फैलाने के लिये उनके मुह काले किये गये। तीनों के हाथ उंचे करके मजबूर किया गयाकि तुम बोलो कि हम डकैत है ओर चोरी करते है। इस प्रकार की दह ात अगर पुलिस ने सारी जनता के अन्दर फैलानी है तो गृह मंत्री जी को वि ोश ध्यान देने की आव यकता होगी। आज पुलिस के अन्दर अगर कोई रिपोर्टग लिखवाने जाता है तो उसकी

रिपोर्ट नहीं लिखी जाती। अगर किसी मारपीट के मामले में लिखी भी जाती है तो मरने वाले को भी पैसे देने पडते है और मार खाने वाले को ीाी पैसे देने पडते हैं हमारे यहा जेलें भी है जिनको सुधार घर बनाने की योजना थी। जनता राज में एक जेल रिफार्म कमि ान बना था। मैं जानना चाहती हूं कि उसने जो ीाी सिफारि ों की थी, वे लोगों के सामने और यहां पर हम विधायकों के सामने क्या `रखी गई है? हम जानना चाहते है कि जेलों के अन्दरक्या सुधाार किया गया है। मैने एक बात सुनी थी कि कैदियों को चीनी वाल चाय मिला करेगी लेकिन वह आज तक नहीं मिली। मैं जानना चाहती हूं कि कमि ान ने जो सिफारि ों की थी, उनको क्यों नहीं माना गया है? लगता है सरकार चाहती नहीं, इसलिये कोई काम होता नही। जेलो ं में क्या हो रहा है आप को सुनकर आ चर्य होगा एक आम आदमी के पास एक छटांक नही, बल्कि कुछ मिली ग्राम या कुछग्राम अफीम हो तो उसको जेल की हवा खानी पडती हैं गृह मंत्री जी बतायेगें कि क्या यह तथ्य है कि अम्बाला जेल के अन्दर वहां की डिप्टी सुपरिन्टेंडैट जेल के अन्दर ही अफीम बेचती रही। यह नवम्बर की बात है। मुझे पता है कि अम्बाला जेल के अन्दर अफीम बेची गई है। लेकिन आज तक कोई एक ान नहीं लिया गया। मैं यह जानना चाहती हूं कि क्या अफसर होने के बाद उसको इतनी छूट है कि वह जेल के अन्दर अफीम छिपा कर भी बेच सकती है जबकि आम आदमी के पास कुछ ग्राम भी अफीम हो या उसको बेच दे तो वह जेल की हवा खायेगा। यह कैसी व्यवस्था है? क्याक नून का मापदंड माने

के लिय अलग अलग राज होगा? सभापति महोदय, जेल में कुछ अन्य भी ि ाकायते है काम करने वाले अुसरों को यदि स्टेटस और वेतन ठीक न मिले तो उनके अन्दर कुछ विद्रोह की भावना उत्पन्न हो जाती है। जेल रिफार्म कमि ान ने जेल अधिकारियों को वेतन देने के लिये सरकार से कुछ सिफारि ों की थी लेकिन उनकी पे में कुछ एनोमलीज रहगई है। इस सरकार ने असिस्टेंट सुप्रिन्टैंडैट (जेल) की पोस्ट तक तो एनोमलीज दूर की दी लेकिन डिप्टी सुप्रिन्टैंडैट और सुप्रिन्टैंडैट (जेल) के वेतनमानों में जो फर्क बताया जाता था, उसके बारे में सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस लिये जेल अधिकारयियों में फस्ट्रे न आना स्वाभाविकहै । इसी तरह से मैडिकल अफसर का स्केल 940–2000 का हो और सुप्रिन्टैंडैट का स्केल 9001700 का हो जबकि परिजन एक्ट के अनुसार मैडिकल अफसर सुप्रिन्टैंडैट के अंडर होता है लेकिन इस पे–सकेल का डिफरैंस होने के बाद यह अंडर कैसे रहेगा? सभापति महोदय, सुप्रिन्टैंडैट (जेल) यदि 900–1700 के स्केल में होना तो मैडिकल अफसर उसकी बात नहीं सुनेगा। एडमिनिस्ट्रे ान के अन्दर डिसीप्लिन कैसे रहेगा और कानून की व्यवस्था कैसे पूरी होगी? इसलिये मैं होम मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करना चाहती हूं कि इनके वेतनों मेक जो फर्क है उसको दूर करने के अव य कोि ा ा करे। इसके अलावा होम मिन्स्टिर साहब यह भी बतायें कि जिस जेल आफिसर ने जेल के अन्दर अफीम बेची है उसको क्या सजा दी गई है ओर अब वह अफसर कहां पर लगाहुआ है? सभापति महोदय, मुझे पता चला है कि उस

जेल आफिसर को जीद में डी0पी0ओ0 की पोस्ट पर लगाया हुआ है। मैं सरकार से यह जानना चाहती हूं कि सरकार ने उसके खिलाफ क्या एक ान लिया है?

इसके अतिरिक्त सभापति महोदय, अब मैं डिमांड नम्बर 4 पर बोलना चाहती हूं। सरकार ने कहा है कि ओलावृश्टि और जयादा बारि ा के कारण जिन किसानों की फसलें खराब हो गई है उनको मुआवजा दिया जायेगा। सभापति महोदय, मैं अम्बाला जिलें में जिन किसानों की फसलें खराब हुई है,त्र उनके बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हू। अम्बाला जिले मं कुछ ऐसे भी लोग खेती करने वाले है जिनकी गेहूं की फसल तो ठीक है लेकिन उस गेहूं की फसल के साथ वाले एक या दो एकड में चना, सरसों या तोरियां बोया हुंआ था और वह सारी फसल नश्ट हो गई हैंउनको मुआवजा दिया जायेगा। सभापति महोदय, बार–2 बारि ा होने के कारण हमें यह भी डर है कि गेहूं की फसल के अन्दर भी दाना पडेगा या नहीं क्यों कि लगातार बारि ा होने के कारण गेहूं की फसल पर जो बूर आता है वह नीचे गिर गया है और बूर नीचे गिर जाने से सिट्टी में दाना पूरा नहीं पडता। इसलिये मैं कहना चाहती हूं कि मुझे तो ऐसा लगता है कि गेहं की फसल भी पूरी तरह से नहीं हो पायेगी। जिन किसानों की गेहू की फसल इस तरह से नश्ट हो गई है या कम पैदा होगी उनको भी सरकार की तरफ से मदद मिलनी चाहियै। पटवारियों व तहसीलदारों को आदे ा मिलने चाहिये कि ऐसे किसानों की

सहायता के लिये भी पूरी जांच की जाये। सभापति महोदय, यह हसरकार बडे बडे दावे करनी है कि हमने हरिजनों औ भूमिहीनों को सरप्लस जमीन बांट दी है। लेकिन मैं यहकहना चाहती हूं कि मेरे हल्के मेंरेलवे कर्व ाप यमुनानगर के पास महरमपुर एक छोटा सा गांव है। उस गांव में कुछ हरिजनों को सरप्लस की जमीन दी गई थी लेकिन इस सरकार ने उस गांव के 8 हरिजनों को बेदखल कर दिया जो बेरोजगारी की वजह से मारे–2 फिर रहे है। वे कहां से अपनी रोटी कमायेगें? इसी तरह से सभापति महोदय, मरे हल्के मेंएक खजुरी गांव हैं उस गांव में 1966 में रूप सिंह जमीदार की 64 एकड सरप्लस जमीन थी जो हरिजनों मे और भुमिहीनों में बांटी गई थी लेकिन रूप सिंह ने कोर्ट में जाकर अपने रि तोदारों के नाम जोकि यू0पी0 या राजस्थान में रहते है अनाट करवा जी है ओर उन भूमिहीन गरीब किसान जिनके नाम मंगत सिंह और चांद सिंह वगैरह है उनसे वह सरप्लस की जमीन आज 6–7 वर्श के बाद वापिस ले ली है। इसलिये सभापति महोदय, इस सरकार से मैरी प्रार्थना है कि जो सरप्लस की जमीन भूमिहीनों और हरिजनों को दी गई है उसे उनके पास ही रहने देना चाहिये। उसे मंत्री अपने रि तेदरों या मिलों को ही न बांटे। यह एक तथ्य है कि मंत्रियों ने अपनी मनोपली बना रखी है। जितनी सरप्लस की जमीन है या कास्टोडियन की जमीन है या पंचायत की भाामलात जमीन है वह अपने भाई भतीजों में ही बांट रहे है। इसलिये मैं कहती हूं कि सरकार को इतने बडे बडे दावे नहीं

करने चाहिये कि हमने हरिजनों और भूमिहीनों को जमीन बांटी ळै। यह सब थोथे दावे गरीब लोगों को धोखा देने के लिये है।

सभापति महोदय, अब मैं डिमांड नम्बर पांच के बारे में अपने विचार रखना चाहती हूं। हरियाणा के परिश्रमी व कु ाल लोग हरियाणाा विकास के लिये बहुत काम कर रहे है और बहुत सी ओद्योगि वस्तुयें बन रही है जो बहर भेजी जाती है। इसलिये हरियाणा प्रान्त के लिये यह गौरव की बात हैं यहां पर चाहे साईस कासामान हो, चाहे हैंडलूम कपडों का काम हो, याहे जुते हों और चाहे जगाधरी के बर्तनों का या सोनीपत में साइकिलों का काम हो इन कामों में हरियाणा ने काफी प्रगति की है और काफी सामान बाहर भी भेजा जाता है। लेकिन इस सरकार ने फैक्टरीज के लिये ऐसा कानून बना दिया जिसके तहत रा–मैटीरियल पर भी प्रचेज टैक्स लगा दिया और रा–मैटीरियल से कोइ चीज बन जाती हे तो उसके उपर भी प्रचेज टैक्स लगा दिया। सभापति महोदय, हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स एक्ट की क्लाज 9 और 24 के अन्तर्गत सरकार ने यह आदे ा दिये है। इस सरकार को देखना चायिहे कि इस एक्ट के अन्दर सैकै ान 9 और 24 के अतिरिक्त एक सैक ान 12 भी है। जिसके अन्दर स्पश्ट लिखा हुआ है कि वह आइटम चाहे रा–मैटीरियल कीहो या चाहे रा–मैटीरियल से बना हुआ पक्का सामान हो अगर वह भारत से बाहर भेजा जायेगा तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगाया जायेगा। केन्द्रीय सरकार ने केवल मात्र निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिये व व्यापारियों को

काम बढाने के लिये इंडियन सेल्जत टैक्स एक्ट की सैक ान 286 के माध्यम सेकुछ सुविधायें भी दे रखी है। सभापति महोदय, भारत सरकार को विदे ी मुद्रा की आव यकता है क्योकि हमें तेल बाहर से खरीदना पडता है। यदि भारत तेल बाहर से खरेदेगा तो विदेशी मुद्रा की जरूरत होगी। भारत सरकार एक्सपोर्ट करने वाले व्यापारियों को फ्रेट चार्जिज में वह सेल्ज टैक्स में रीबेट देती हे और व्यापार को बढावा देने के लिये सस्ते रेट पर ऋण भी देती है ताकि हमारा सामान बाहर जाये और बाहर से हमें विदे ी मुद्रा मिले। लेकिन हरियाणा सरकार ने इस प्रकार का एक्ट बना कर व्यापारियों पर प्रचेज टैक्स लगा कर हरियाणा का जितना माल बाहर जाता हे उसके उपर एक प्रकार से प्रतिबधं लगा दिया है। सभापति महोदय, रा—मै ।टीरियल लेने वाला व्यक्ति भी इस प्रेचज टैकस से दुखी हे और उसके बाद जब वक कारखानें में सामान के रूप में माल तैयार हो जाता हे तो उसके उपर भी प्रचेज टैक्स लगता है। आज जगाधरी के अन्दर या फरीदाबाद के अन्दर जो उद्योगपति अपना माल बना बाहर भेजते है इस तरह से टैक्स लगा कर इस सरकार ने उनकी कमर तोड दी है। जिस प्रकार से कई वर्श पुराना उन पर प्रचेज टैक्स लगा कर पैनल्टी के रूप मं उनहें तंग किया जा रहा हैं। इससे व्यापरी निरा ा है। इसक`परिणाम स्वरूप उत्पादन में कमी आएगी ओर हरियाणा की राजस्व आय में भी कमी आयेगी। इसी तरह से सभापति महोदय एक्साइज एंड टैक्ले ान के अन्दर भी अजीब ही नीति बनी हुई है। चाहे उससे हरियाणा का अहित ही हो। इस बारे में मैने पिछले सै ान में भी

कहा था कि यमुनानगर में लकडी का बहुत काम होता है वहां पर टिम्बर मार्किट है लेकिन इससरकार की गलत नीतियों के कारण वहां पर जितने फोरेस्ट लीज होल्डर है वे यह महसूस करते हे कि हरियाणा में 4 परसैंट टैकस टिम्बर पर लगता है। जबकि जम्मू क मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेशमें ले गये है। यमुनानगर की लकडी मंडी आज विरा सी पडी हैं टिमबर से चलने वाले आरा म ीन के व्यवसाई अलग दुखी है। लकडी की चिराई करके बक्से बनाने पर भी सरकार ने अलग 4 प्रति ात सेल्ज टैकस लगाया हुआ है। सरकार को अपनी टैकस नीति पर पुर्नविचार करना चाहिये। कम से कम अपने पडौसी प्रान्तों के साथ तो कुछ तालमेज रखना चाहिये ताकि व्यापारियों के मन में रोश न रहे और हरियाणा को भी घाटा न पडे।

सभापति महोदय, हरियाणा सरकार को अपने व्यापारियों को अधिक से अधिक सुविधायें देनी चाहिये। आज उनकी सुविधायें नहीं मिल रही है इसलिये वे मजबर हो कर हरियाणा प्रान्त से बाहर अपने उद्योग लगाने की सोच रहे है। खासकर यमुनानगर और जगाधरी के व्यापारी प्रान्त से बहार अपने उद्योग लगाते जा रहे है। हरियाणा सरकार को इस बारे में गहराई से सोचना चाहिये। व्यापारियों पर सरकार द्वारा अपनी गलत नीतियों से दबाव नहीं डालना चाहियें। इससे उतपादन और रीाजस्व दोनों में कमी आयेगी। (घंटी) सभापति महोदय, अन्त में मैं केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि जो बातें अभी मैने हाउस में रखीहै उन पर

सरकार को व्यवहारिक रूप देनाचाहिये। इन भाबदों के साथ मैं आपका धन्वाद करते हुये आना स्थान लेती हूं।

मास्टर जोगी राम(असन्ध–अनुसुचित जाति): सभापति महोदय , आज सदन के अन्दर वर्श 1981–82 की अनुदान मांगो पर चर्चा हो रही है। मैं डिमांड नं02, 15, 5, 17 पर बोलना चाहूगां हमारे देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने यह वर्श उत्पादकता का वर्श घोशित कियाहै। देश का किसान, दे ा का मजदूर जो मेहनत करता है जो खेतों में काम करता है और फक्टरीज में काम करता है उनकी भावनाओं को देखते हुये उन का मान बढ़ाने के लिये देश कीप्रधान मंत्री इस बात को लेकर आगे चली है इसलिये इस देश के अन्दर एक परिवर्तन की संभावना है। कुछसमय पहले प्रधान मंत्री जी ने हमारे देश के सामने 20 सूत्री कार्यक्रम रखा था। उस समय जो लोग गरीबों के विरोधी थे, जो लोग समाज में दलित वर्ग का उत्थान नहीं चाहते थे वे सब लोग इक्ट्ठे हो गये थे और इण्डस्ट्रीयलिस्टस यानि उद्योगपति और पंजीपति सीाी लोगों ने मिल कर उस वक्त कांग्रेस पार्टी को पराजय दी थी। अब फिर दुबारा मेहनतक ा लोगों के कारण ही श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के हाथ मजबूत किये गये है। दलित वर्ग को आगे ले आने के लिये नया 20 सूत्री कार्यक्रम आगे आया है।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी बीरेन्द्र सिंह पदासीन हुये)

आज हमारे दे ा के अन्दर स्थिति ऐसी है कि किसान और मजदूर को उपर उठाना है। प्रधानमंत्री जी का सबसे पहला सूत्र सिचांई से संबंधित है। श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने हमारे हरियाणा को रावी–'ब्यास का पानी देकर हरियाणा के लिये सबसे बडा तोहफा दिया है। इस पानी के आने से किसान और मजदूर दोनों को फायदा होगा। इससे लोगों को खेतों में पानी मिलेगा। जब उन लोगों को खेतों मे काम करने को मिलेगा तो यहां पर एक नई रो ानी आयेगी। इससे प्रान्त के एक नई दि ाा मिलेगी। मैं अपने वित्त मंत्री जी ओर मुख्य मंत्री जी को बधाई देता हूं कि उनहोने अपने परिश्रम से और श्रीमती इन्दिरा गांधी के आ ार्विाद से यह पानी लाने में सफलता प्राप्त की है।

मैं कुछ सुझाव सदन के सामने रखना चाहता हूं कि सब कठिनाईयों के बावजूद हम सब लोगों नेमिलकर ही किसी काम ओ आगे बढाना है। इस दे ा के लोगों का भला करने के लिये हमारे उपर बहुत सारी जिम्मेवारियां है। इसलिये हम सब का यह कर्तवय है। कि हम सब लोगों के भले के लिय इस महान सदन के अन्दर रहकर उनके हितो की रक्षा करें। सबसे पहलेक तो मैं यही कहूगा कि जो इस प्रानत में श्रम करता है मेहनत करता है, उस इंसान को उस मजदूर को या उस खेतीहर मजदूर को इतना वेतन मिलना चाहिये जितने की कम से कम उस के परिवार की आव कतायें पूरी हो सकें जिससे कि वह अपने परिवार का पालन पोशण कर सके। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि

हमारा प्रान्त देशके तमाम प्रान्तों में दूसरे नम्बर पर आता हैं हरियाणा के प्रत्येक नागरिक को मैडिकल एड मिलना चाहिये और एजुके ान मिलनी चाहिये। इस प्रान्त के अन्दर मुख्य मंत्री जी ने एक कार्यकम चलाया हुआ हैं यह काय्रकम है देहात के अन्दर उद्योगीकरण करना यह स्कीम इसलिये चलाई गई ताकि देहात के गरीब लोगों को और हमारे नौजवानों को काम मिल सके। कुछ मेरे विपक्ष के साथियों ने इस बात को लेकर के आलोचना की कि जो भी उद्योग या लघु उद्योग स्टेट के अन्दर लगाये गये है, वे लगभग मर से गये है। मैं मुख्यमंत्री जी के इस प्रयत्न की सराहना करता हूं कि उन्होने इस काम को अपने अढाई साल के अरसे में काफी आगे बढाया है। इनहोने अढाई वर्श की अवधि के अन्दर लगभग 8 हजार लघु उद्योग सारे हरियाणा के अन्दर लगाये है। इससे लगभग 30 हजार व्यक्तियों को काम मिला हैं इन 30 हजार में से 50 प्रति ात ऐसे लोगों को काम मिला है जिन्हे हम हरिजन कहते हैं आज हमारे ये विरोधी लोग हरिजनों के ठेकेदार बनते हे और कहते है कि हमने इन हरिजनों का उत्थान कियाथा। अब ये इन उद्योगों के पतन की बात करते हैं जब इनका समय था उस समय इन्होने क्या किया वह भी मैं अभी बताता हू। जिससमय चौधरी देवी लाल जी मुख्य मंत्री थे तो उनहोने इस काम को चलाया था। लेकिन उनहोने इसमें एक भार्त लगा दी कि एक हरिजन, एक बैकवर्ड, एक किसान का बेटा और एक व्यापारी होना चाहिये। मै पूछना चाहता हूं कि जब घर के चार सदस्यों का आपस में मेल नहीं है तो क्या बाहर के चार सदस्यों का अपस में

काम करना ठीक समझकेगी या उनके लिये ऐसा करना संभव हो सकेगा। उनहोने अपने दिमाग से इस काम को करने के लिये सोच तो लियालेकिनजिस ढंग से चालू किया गया वह गलत था। वे हरिजनों और गीरब लोगों का भला नहीं चाहते थे। इससरकार ने पावर में आने परयह सोचा कि जो कुछ पहली सरकार ने गरीब लोगों का भला करने के लिये सोचा था वह गलत था। तब हमारी मौजूदा चौधरी भजन लाल की सरकार ने इस बात को दौबारा देखा है और इस स्कीम को बदल कर किसी एक बेरोजगार व्यक्ति को वह काम करने का हम दिया। इस स्कीम के बारे में मैं सरकार को एक सुझाव दूंगा। लघु उद्योगों के अन्दर जो माल बनता है, गांव में उसे खरीदने वाली आज कोई एजेन्सी नहीं है। मार्किट में जब वे लाग बेचने जाते है तो भाहर में बने हुये माल में और गांव में बने हुये माल के भाव में फर्क होता है। इसलिये मेरा सुझाव है कि सरकार ने जो कंज्यूमर स्टोर्ज खोले है वह इस माल को खरीदे तथा आगे लोगों को बेचे। इससे लघु उ?ोग ठीक चलेंगे।

चेयरमैन साहब, यहां अध्यापक की बात बडे जोर भाोर से आई। कहां गया कि वह राश्ट्र निर्माता है। वाकई ही वह राश्ट्र निर्माता है। भूखें रह कर भी वह राश्ट्र निर्माण करता हैं उसे वे सुविधायें नही मिलती जो दूसरे कर्मचारियों और अधिकारियों को मिलती है। देहात में वह उन सब बातों से अलग–थलग पडा रहता है जिन बातो ंका भाहर के लोगा फायदा उठाते है। कई बार मांग आई कि उनको मैडिकल भत्ता दे दिया जाये। उनको देहात में

हाउस रैन्ट दे दिया जाये। मैं कहता हूं कि हमारी बडी अच्छी सरकार हैं वित्त मंत्री जी बडे भले मानस है। मुझे उम्मीद है कि वे इा बात को मान जायेगें क्योकि इसमें थोडे से पैसे का सवाल हैं जो लोग देहात के अन्दर सर्विस कर रहे है उनहें वहां पडे–पडे सारी उमर हो जाती हैं चेयरमैन साहब, उनकी जिन्दगी वहीं बीत जातीहै। उन लोगों को कभी मैडिकल भत्ता नहीं मिलता जितनी उनकी तनख्वाह होती है। (विघन व भाोर) अन सब बातों के होते हुये भी सरकार पता नहीं इस मांग को मानने में क्यों असमर्थ है? हमारी बहिन भाान्ति जी जी अध्यापिका रही है मगर पता नहीं ये भी क्यों ऐसा नहीं कर पाई । इस सम्बनघ में मेरा सुझाव है कि फिलहाल जिस भी हैडमास्टर या बी0ई0औ0को डी0डी0ओ0 की पार्वज हो यानि उसे मैडिकल बिल पास करने की पावर दे दे, जिससे देहात में सर्विस करने वाले अध्यापक को कुछ राहत मिल सके।

श्री सभापति : आपका समय हो गया है। (विघन) इसके अलावा बात यह है कि आज ऐजूके ानकी डिमांड ऐजेन्डे पर नहीं हैं

मास्टर जोगी रामः चेयरमैन साहब, सामान्य प्र ाासन के अन्दर सभी कुछ आ जाता है।

श्री सभापतिः आप वाइन्ड अप कीजिये।

मास्टर जोगी रामः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि डी0डी0ओ0 की पावर्ज जिन अधिकारियों के पास है उन सबको मैडिकल बिल पास करने की पावर दे ही जाये। अब क्या होता है? आज उसे 10–15 रूपये का मैडिकल बिल भी काफी देर के बाद मिल पाता है क्योकि वह कई जगह घुमता रहता है। (विघन) चेयरमेन साहब, आप जानते है कि मुलाजिमों को तो पैन्ान मिलती है लेकिन हमारे जो दुसरे बुढें लोग होते है, जिनका इस अवस्था में पहुंचने के बाद उनके बच्चे कोई ख्याल नहीं करते, उनकी सरकार की तरफं से कोई इमदार नहीं की जाती। उनकी देखभाल की भी सरकार कोजिम्मेवारी लेनी चाहिये तथा उनहें भी पैन्ान मिलनी चाहिये।

मैं सरकार से यह भी निवेदन करूंगा कि पढे लिखे बेरोजगारों को भी सरकार को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिये जिससे वे अपना जीवन सुचारू रूप से चला सके।

चेयरमैन साहब, अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने बहुत अच्छे कार्य किये हैं इसकी उपलब्धियां, बहुत प्रांसनीय है। इनहोंने बहुत से पेड लगाये है और काफी संख्या में नये स्कूलों खोले है और अपग्रेड किये हैं इन भाब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी उदय सिंह दलाल (बादली): चेयरमैन साहब, मैं आपकी इजाजत से डिमांड नं0 2, 3, 4, 5, 15, 17 और 22 का

जिक करना चाहूंगा। (विघन) पन्द्रह दिन से चेयरमैन साहब सरकार यह ढिढौंरा पीट रही है कि हमने यह कर दिया है और वह कर दिया है लिखने वाले भी इस बात से छक गये हे और सुनने वाले भी छक लिये है। चेयरमैन साहब, हकीकत यह है कि आज रोजमर्रा के काम में भी कोई अफसर या कर्मचारी अपनी मर्जी से काम नहीं कर सकता और इन्साफ नहीं कर सकता। चपडासी से लेकर कमि नर तक और सिपाही से लेकर आई0जी0 तक हरके व्यक्ति के पास सरकार की इतनी दखल अन्दाजी है कि सरकार के टैलिफोन के बगैर कोइ कारोबार नहीं होता। यहां तक कि बस और रेल के टिकट भी तब तक नहीं मिलते जब तक किसी वजीर या एम0एल0ए0 का टेलिफोन न चला जाये। ऐसा रिवाज इस सरकार ने डाल दिा है। कचहरियों तक के काम काज में ये दखल देने लग गये है। मैं किसी का नाम नहीं लेंगा क्योकिं वह बात अच्छी नहीं लगती। इनके सैन्टर में एकबहुत सीनियर मिनिस्टर हैं उसने बहादुगढ के एक मैजिस्ट्रेट को चिट्ठी लिख दी। उस आदमी ने उस चिट्ठी को भरी कचहरी में सरे वकीलों के समने पकडा दिया। वकीलों ने बडा भाोर मचाया। (विघन) वह सरप्लस जमीन का केस था। राठी साहब के हल्के का केस था। इनको भी इस बात का पता है। इन हालात में एकअधिकारी की बडी बुरी हालत होती हैं अगर वह इनकी बात नहीं मानताा है तो नैकरी से जाता है और अगर मानता है तो इन्साफ का तकाजा पूरा नहीं होता।

चेयरमेन साहब, एक बात मैं आपको और बताउंगा । यह बात डिमांड नं0 15 की हैं। चेयरमैन साहब, इन्हेने जिलेदारों की भर्ती की है। जो कुछ मैं बताने लग रहा हूं। इससे आप अन्दाजा लगा लेना कि इस सरकार की क्या कारगुजारी है। जिलेदारों की 62 लगह थी जो सरकार की तरफ से एस0एस0एस0 बोर्ड कोखाली बताई गई थी। जब भर्ती का समय आया तो वेकेन्सीज 80 हो गई। लेकिन चेयरमेन साहब, इन्होने 205 जिलेदार भर्ती कर लिये। मन्जूरी तो 62 की थी लेकिन भर्ती 205 करलिये । उनहें ट्रेनिंग पर भेज दिया। (विघन) इन्होने सोचा कि इलैक ान के बाद देखा जायेगा जो बीतेगी सो सही। मूंझे पता नहीं कि कांह से ये उनको तनख्वाह`देगे? सबसे ज्यादा दर्दनाक बात यह है कि जो जिलेदार भर्ती किये गये हे वे या तो मुख्य मंत्री ने जो लिस्ट भेजी थी उसमें से भर्ती हिकये गये या फिर पन्द्रह–5 और बीस–बीस हजार रूपये लेकर के सीटें नीलाम हुई । मेरे पास ऐसे लडको के नाम है और उनहें मैं आपके सामने पे ा भी कर सकता हूं जिन्होने पन्द्रह–2 बीस–2 हजार रूपये देकर के सिलैक ान लिस्ट में अपना नाम लिखवाया हैं अनका नाम सीरियल नम्बर 175 सेलेकर के 200 के बीच में हैं वे बेचारे आज बडे परेशान है क्योकिं ट्रेंनिग के बाद उनहें नौकरी नहीं मिलेगी और उनका पैसा यों ही जाया जायेंगा। (विघन) बोर्ड वालों ने लिंस्ट न छापते तो लोगों ने उनको घेर लेना था और वे अपने रूपये वापिस मागंते। इस तरह से यह सरकार नौकरी लगा रही है। इस प्रकार की इनकी कारकरदगी है। यह गलत हिसाब–किताब है।

बातें बडी–2 करते है कि हम यह करने जा रहे है। कहते है कि हम स्टैट को आसमान पर ले जा कर छोडेगें यानी जमीन पर नहीं रहने देगें।

(14.00 बजे)

अब मै। डिमांड नम्बर चार के बारे में अर्ज करूंगा। चेयरमैन साहब, आप भी किसान घराने से ताल्लूक रखते है। एक एक्ट सन 1800 में अंग्रेजों के समय में बनाया गया ाा कि अगर किसी किसान के खेत में आग लग जाये, घर में आग लग जाये तो उसे रिलीफ देगें यह कानून बना तो हुआ है लेकिन उस बेचारे गरीब को पूरा रिलीफ नहीं मिल पाता हैं एक्ट में खामी होना एक ऐसी अड़चन है जिसक`कारण रिलीफ नहीं मिलता। अगर किसी आदमी की फसल, मवे ी या घर जल जाये तो इनका एक्ट इजाजत नहीं देता है। मिनिस्टर साहब ने कहा कि दस परैस्न्ट दे सकते हैं अगर कानून इजाजत दे तो और भी ज्यादा दे सकते हैं आप लोगों ने बीस सूत्री कार्यक्रम बनाया उस वक्त यह भी सोचना चाहिये था कि गरीब किसान का नुकसान हो जाये तो उसे पचास परसैन्ट दे दिया जाये। किसान की मदद का सवाल आता हे एक्ट अड जाता है। अगर उस एक्ट को बदल देते तो आप लोगों का भी कुछ नाम हो जाता। चौधरी भोर सिहं जी इस एक्ट को बदलने के लिये यहां पर बिल क्यों नही रखते? यदि ये ऐसा बिल रखेगें तो सब भाई एक रय से उसे पास करेगें और उससे गरीब लोगों

का भला होगां लेकिन इनके पास एक्ट बदलवाने के लिये फुरसत नहीं हे और न ही इस बारे में ये सोचते है।

चेयरमैन साहब, आज दे ा को आजाद हुये 30–35 साल हो गये लेकिन ठीकरी पहरे का मसला आज भी बना हुआ है। पुलिस की भाहर में जरूरत पउे तो डियूटी लगा देते है। अगर भाहर में दुकान या किसी और चीज का खतरा है तो पुलिस की डियुंटी लगा दी जाती है लेकिन गांवों में किसानों की कटाई कासमय चल रहा होता है लामनी करके राम को घर पहुंचते है उधर से ठीकरी पहरा निकला हुआ मिलता है। पुलिस का थानेदार या तहसीलदार गांव में जाता है कि आज 10–20 गांव के लोग रेलवे लाईन का पहरा देगें। रेलवे लाईन की हिफाजत रेवले वाले करें या पुलिस वाले करे। गांवों के किासनों की डियूटी लगाने की क्या जरूरत है? यह ठीकरी पहरा बिल्कुल बेगार एक्ट है। अंग्रेजों के समय का एक्ट है। उस समय ठीक था लेकिन अब इस`खत्म किया जाना चाहिये। (ाोर एवं विघन) ये इन लोगों की कारकरदगी है। मैं न पहले वजीर था और न ही इससौदे के साथ वजीर हूं लेकिन इससल कोि ा ा करेगें कि हमें भी लाइसैंस मिल जाये। (ाोर एवं विघन) अगर इस एक्ट को बदल दे तो बडी ही अच्छी बात होगी और इस सरकार का नाम भी होगा। (इस समय सभापतियों की सूचि में से एक सदस्य चौधरी राजेन्द्र सिंह पदासीन हुये चेयरमैन साहब, सरदार तारा सिहं भले आदमी है। उनकी मैं क्या निन्दा करूं? लेकिन इन्होने फरीदाबाद, सोनीपत

और बहादुरगढ़ के कारखानों की पौने तीन करोड रूपये की बिजी की एक्साइज डियूटी माफ करदी। इन जगहों पर बडे बडे अमीर लोगों ने फैक्टरीज लगायी है। नन्दा जैसे अमीर लोग बैठे है उनकी एक्साईज डियूटी माफ कर दी और गरीब किसानों की हजामत कर दी। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि उनकी एक्साइज डियुटी क्यों माफ की गई है। आप सुन करहैरान होगें मन्दि गुरूद्वारे आर्य समाज मन्दिर और धर्म ााला को कनैक ान कमर् ियल बेसिज पर देते है। इन पवित्र स्थानो से बिजली के चार्जिज दुकानदारो के रेटस पर लिये जाते है। धार्मिक स्थान बडी मुि कल से बनाये जाते हैं कम से कम उन सथ्ानों से धरों वाला चार्ज कर सकते है। अगर कोई भारीफ आदमी धर्म ााला बनवाये तो क्या उसने कोइ तिरारत कर ली है। उसने धर्म का काम किया है आम आदमी को सुसविधा दी है। अगर उस धर्म ााला मन्दिर, गुरूद्वारे के आगे दुकान बनी हुई है। उससे अलग से चार्ज कर सकते हो यानि उसका अलग से मीटर लगादे। लेकिन बडे दुख की बात है कि धर्म ााला से भी दुकान बाला ही बिल लिया जाता है। बडे बडे करोडपतियों की आपने एक्साइज डियूटी माफ कर दी है। यह इसलिये किया है कि चुनाव आ रहे है और उनसे पैसे लेने है या ले लिये है। अब भाायद और भी कोई कागज बना रहे है ताकि और जयादा पैसे मिल जाये। मैं आपके जरिये रदार तारास सिंह जी से प्रार्थना करूंगा कि मस्जिद, गुरूद्वारे आर्य समाज मन्दिर, सनातन धर्म मन्दिर ओर धर्म ााला से बिजी के चार्जिज कम से कम लिये जाये।

चेयरमैन साहब, मेरा और भाई राठी साहब का ताजा समझौता हुआ हैं अगर न मानूं तो भी मुि कल है और अगर मानता हूं तो अपनी सही बात नहीं कह सकता । लेकिन फिर भी उकने नोटिस मं लाना चाहता हूं कि बादली और बहादुरगढ के बार्डर से सैकडों ट्रक बिना चैंकिग कराये गुजरते है। सारे के सारे सैल्ज टैक्स की चोरी करते हैं आप इन्क्वायरी करवा लें। कितने ही ट्रक मिलेगें जो रोजना सैल्ज टैक्स की चोरी करते है। वहां जो स्टाफ लगा हुआ है वह भी उनके साथ मिला हुआ हैं जब वे दिल्ली की और जाते है तो उकने कागज रख लेते है वापिस आते वक्त ले लेते है। अगर कोई ट्रक आगे पकडा जाये तो कह दिया जाता है। कि हमारे कागजात बार्डर बैरियर पर चैकिंग के लिये रख लिये है। आज ही सुवबह एक सवाल के जवाब में मंत्री जी ने माना है कि छोटे–2 अमाउन्टस की चोरी करने वाले या न जमा कराने वालों को गिरफतार किया जाता है। और जो बडे –2 लोग है जिनकी तरफ चालिस–2 लाख रूपये बकाया है उन्हें गिरफतार नहीं किया जाता। सरकार को कोई ऐसा कानून बनाना चाहिये जिससे जिन आदमियों की तरफ पैसा बकाया है। उनसे पैनल्टी लगा कर वसूल किया जाये। जो उनके पास पैसा है वह एक किस्म से लोन के रूप में है। जब एक व्यापारी ने कोई चीज बेच दी और सैल्ज टैक्स भी लेलिया फिर उसे तीन महीन की रियायत देने की क्या जरूरत है? तीन महीने वह बिना ब्याज के उस पैसे को रख सकता है। दुकानदार ने पार्टी से पैसा वसूल कर लियाफिर उसे रखरने का क्या अधिकार है? जिन दुकानदारों की

तरफ चालिस–2 लाख रूपया बकाया है वह पांच–पांच साल पे नहीं करते है। पे न करने पर उनसे केवल 12 परसैन्ट ब्याज लिया जाता है। जो आदमी स्टे लेता है उससे 30 परसैंट ब्याज लिया जाना चाहिये जब तक इतनी पैनल्टी नहीं होगी तबग तक वह पैसा जमा नहीं करायेगा इसलिये मैं अपने भाई से कहूंगा कि वक्त बदलता रहता है। क्या पता कि दो महीने बादक्या होनेवाला है? दो महीने में ही आप अपना नाम कमा लो। सेल्ज टैक्स जितनी भी सख्ती के साथ वसूल करोगें, स्टेट का उतना ही फायदा होगा और आपका नाम होगा। किसी को भी माफ न करो। एक बार तो हल्ला बोल दो। तैसे ताबें मैने बहुत कहनी थी लेकिन अब कसम खा रखी है इसलिये ज्यादा नहीं कहनाचाहता।

चेयरमेन साहब, पुलिस के बारे मे भी अर्ज करना चाहता हूं। डी0एस0पी0 के ग्रेडज के बारे में चौधरी देवली लाल ने और चौधरी भजन लाल ने वायदा कियाथा कि एस0डी0एम0 के बराबर के देगें। वे कागज इधर उधर ही घूमते रहेते है। वेबेचारे न झंडा लेकरखडे हो सकते है और न ही कोई हड़ताल आदि कर सकते हैं इसलिये मेरा सुझाव है कि उनके स्कूेल एस0डी0एम0 के बराबर करने का जो वायदा किया गया था वह पूरा किया जाये। इसके अलावा पुलिस में सिपाही, हवलदार या जितने भी छोटे रैंक के आदमी है उनके लिये क्वार्टर बनाये, उनके बच्चों को पढायें और उनकी ज्यादा से ज्यादा तरक्की करवायें क्योकिं यह एक डिस्पिलिन्ड फोर्स है और बोल नहीं सकती। आप बडे–2 अफसरों

का बे ाक कुछ भी करो लेकिन इन गरीब आदमियों की तरफ जो जुल्म का ि ाकार होने लग रहे हैं, खास ध्यान दो ताकि यह अपना काम अच्छी तरह से करसकें। हर महकमा अपनी डिमांड रख सकता हैं हर महकमें के आदमी अपना झंडा उठा सकते है, नारे लगा सकते है और हडताल कर सकते है लेकिन यह तो बेचारे बेजुबार है, इनकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिये।

एक बात मैं चेयरमैन साहब, कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट के बारे में कहना चाहूंगां। इस बारे में बहुत सी कहानियां हो चुकी है। मैं उनके चक्कर में न पडकर एक दूसरी बात कहना चाहता हूं। कोआप्रे ान मिनिस्टर यहां पर नहीं बैठे है लेकिन चीफ मिनिस्टर साहब यहां पर बैठै है। जितने भी आदमी कोआप्रे ान डिपार्टमेंट में लगाये जाये है, उनका सिलैक ान इन्साफ के तकाजे पर पूरा नहीं उतरता। उसमें भेदभव की बदबू आती है। इस तरह से भेदभाव बरतना लोगों की नजरों में कोई अच्छी बात नहीं है ओर उससे सरकार का इमेज अच्छा नहीं बन सकता। मैं सारे हरियाणा के बारे मे तो कुछ नहीं कहता। मैं रोहतक की बात बता सकता हूं ं जो वहां पर बोर्ड आफ डायरैक्टर्ज में मैंबर्ज है, उनमें से 6–7 हमारे अपने मित्र है। हमने उनसे यह कहा कि भई, तुमने यह क्या किया। आपने नौकरी का यह क्या सिस्टम भाुरू किया है? उन्होने यह कहा कि आप बे ाक हमें मुख्य मंत्री के पास ले चलो, चाहे सुप्रीम कोर्ट में ले चलो। हमने तो बंटवारा कर लिया। छोटी छोटी नौकरियों पर हमने लगा लिये। बडे –2 ओहदों पर सरकार

लगा लेगी। तीन साल तक तो फैसला होता नहीं। हम तो इस फैसले पर कायम है। चेयरमेन सहाब, इसके अलावा एक बात करके तो इन्होने कोआप्रेटिव इन्स्टीच्यू ान्ज को चुनाव में चुने हुये आदमियों की मैजोरिटी भी होगी तो भी वे अपने आदमी को चेयरमैने नहीं चुन सके। सरकार अगर किसी आदमी को चेयरमैन बनने नहीं देना चाहती तो जो बोर्ड आफ डायरैक्टर्ज में इनके आदमी होगें, यानि सरकारी अफसर होगें , वे अपने वोटों से उसको नहीं बनने देगें। क्योकि 6–7 राय सरकारी आदमियों की होगी, इसलिये ये अपनी मर्जी का चेयरमेन बनवायेगें। मान लीजिये 9 आदमी चुनकार आ गये अनमें से 7 जिनकी मैजोरिटी है, एक आदमी को चुनना चहाते है लेकिन दो आदमी उन को चुनना नहीं चाहते तो वह आदमी नहीं बन सकेगा क्योकि गवर्नमेंट अपने अफसरों को इस बारे में हिदायत दे सकती है। किसी अफसर की इतनी हिम्मत नहीं है कि यह गवर्नमेंट की बात को टाल सके। मैं यह चाहता हूं कि अगर सरकार इन इंस्टीच्यु ांज में नौमीने ान करना ही चाहती है तो बे ाक करे लेकिन वह किस बात के लिये हो, यह बात पहले तय हो जानी चाहिये। उसका प्रयोग अगर बोर्ड कोई गलत काम करता है या कोई गलत पालिसी डिसीजन लेता है, वहां पर करना चाहिये। यह नही ंहोना चाहिये कि चेयरमैन का चुनाव हो ाऔर उसमें उनका दखल हो। मेरा कहना यह है कि कम से कम पब्लिक के चुने हुये नुमायंदो को अपनी रय से अपने मतलब का चेयरमैन बनाने का तो हम होना चाहिये। वरना तो डैमोक्रेसी या प्रजातन्त्र इस मुल्क में कायम रखने से कोई फायदा

नहीं होगा। अगर मंत्री जी जो महकमें का इन्चार्ज होगा, वह टेलीफोन कर देगा, तो किसी अफसर की हिम्मत नहीं हो सकती कि उसकी बात को टाल सके और अपनी राय इधर उधर दे। इसके लिये मैने जैसे सुझाव दिया हे या तो वैसे कर लियोजाये वरना नौमिनेशन ही खत्म कर दिया जाये। (घंटी) चेयरमेन साहब, मुझे थोडा सा टाईम और दे दे मैने अभी एक दो बों और कहनी है।

श्री सभापतिः आपका समय समाप्त हो गया है, आप अब बैठिये।

चौधरी उदय सिंह दलालः चेयरमैन साहब, आपके और हमारे तो घरेलू ताल्लुकात भी है। मुझे कम से कम अपनी आखिरी बात तो कह लेने दें। मैं खेती बाडी के बारे में एक बात कहना चाहता हूं। आप एक बात से अन्दाजा लगा ले। एक बात के बारे में चीफ मिनिस्टर साहब ने भी बडे जोरो से कह दिया और सरदार लछमन सिंह जी ने कह दिया। सब कहते है कि अनाज की मूवमैंट पर कोई पाबन्दी नहीं है लेकिन यह बात मैं दावे के साथ कहता हूं कि पाबन्दी है। यह सरकार बे ाक हां करे या ना। सारे हरियाणा सरकार के आदमियों को यह पता है कि एक तरफ तो यह कहते है कि हम किसानों की तरक्की करवायेगे, किसानो को उनकी पैदावार का उंचा मुल्य दिलवायेगे। यह इस बात का ढिढोरां भी पीटते है कि हम किसान के लिये मर मिटेगें लेकिन यह करते कुछ है नही। मैं एक मिसाल देना चाहता हूं कि किसी

गांव में किसी दुकानदार के पोता हो गया। उसने गांव वालों को इकट्ठा कर लिया। बोला भई मेरे पोता हुआ है। गांव वालों ने पूछा तो क्या करोगे। वह बोला कि भई कुछ धर्म पुणय करूंगा। गांव वाले कहने लगे कि तू हमें भैसों के लिये बिनौले ही पूरे तोल दियाकरो, इतना ही काफी है। ययदि कोइ किसान अपनी फसल को कुछ मंहगा बेच सकता है तो उसको मंहगा बेच लेने दे। लेकिन इनकी पालिसी तो उल्ट है यहां पर कुछ कहते है, अफसरों को कुछ और कहते हैं मै ंयह बात मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप ऐसा करके पुलिस और किसान के बीच टकराव न पैदा करो। या तो कानून ही ऐसा बना दो कि दिल्ली में गेहूं जाने ही नहीं देगें अगर ऐसा कहते हो कि कोई पाबन्दी नहीं है फिर सबको ले जाने दो। अब आपकी पुलिस तो यह कहती है कि जाने नही देगें ओर आप कहते हो कि कोई पाबन्दी नहीं है। ऐसा करके आप टकराव की स्थिति पैदा कर रहे हो। छोटा मोटा भाई तो सब्र कर लेगा लेकिन अगर कोई भाई आपको खब्खी खान टकरा गयातो किसी को आप मुकाबले में मार दोगे और यह कहोगे कि वह तो पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया किसी को आप सेल्ज टैक्स की चोरी में पकडोगे। इसलिये अगर कानून ऐसा बनाते हो कि गेहूं की मूवमैंअ पर कोई पाबन्दी नहीं है, तो उस पर अमल भी करो। यह नहीं कि कहो, कुछ और करो कुछ। ऐसा करके आप किसान और पुलिस के बीच में टकराव पैदा कर रहे हो। मैने तो यह सोचा था कि नजफगढ यानरेला में कुछ गेहूं ले जाउं। राठी साहब मेरे मित्र है। इनको दिखा दूं। लेकिन फिर

सोचा कि अगरमैं ले भी गया तो इससे दूसरे किसानों को फायदा नहीं होगा क्योकि वे बेचारे तो ले जा नही सकेगें। इसलिय मैं यह कहता हूं कि यह किानों को केवल दुख न दे तो इनकी बडी मेहरबानी । अगरकोई भला कर दे तो इनकी और भी जयादा मेहरबानी। न करे तो इनकी मेहरबानी। चेयरमैन साहब, आखिर में मै एक बात ओर कहूंगा।(घंटी) चेयरमैन साहब, यह कहते है कि हम गरीब हरिजनों का भला करेगें। अब इस भले की बात सुन लो। दिल्ली में और उसके आस पास तो अमीर आदमी रहते है। वहां पर एक आदमी को 900 ग्राम चीनी कोटा से मिलती है। आप ही देखे कितनी गरीबो की भलाई होने लग रही है। वह दिल्ली जहां पर कि हिनदुस्तान के अमीर से अमीर आदमी रहते है वहां पर 900 ग्राम चीनी मिलने लग रही है। चण्डीगढ जो इस गरीबी में सैकिण्ड नम्बर पर आता है, यहां पर 500 गग्रम चीनी मिलने लग रही है। और हरियाणा में केवल 300 ग्राम। मेरे मांडौठी या बादली में 300 गग्रम चीनी और दिल्ली और चण्डीगढ में 900 और 500 ग्राम चीनी। यह आप अन्दाजा खुद लगा ले कि कितना गरीबों का भला यह सरकार कररही है। अगर सरकार इसबारे मे कुछ महसूस करती है तो क्यों नही यह भारत सरकार से इस बारे में लिखा पढी करते कि सब जगह पर एक सी चीनी की डिस्ट्रिब्यू ान होनी चाहिये। इससे भेदभाव की बू आती है। इससे यह पता लगता है कि गांवों के लोगो की कोइ सुनवाई नहीं है। (घंटी) (ाोर एवं वयवधान) आखिर में मैं डिमांड नं0 2,3,4,5,15,17 और 22 का

विरोध करता हूं और यह दरखास्त करता हूं कि इनको पास न किया जाये।

श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर, अनुसूचित जाति): सभापति महोदय, मैं डिमांड नं0 15, 17, 22 , 2 व 3 पर बोलूगां आपको पता ही है और सारादे ा जानता है कि हमारी लोकप्रिय नेता प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने दे ा को एक नारा दिया है कि हिन्दुस्तान में गरीबों के उत्थन के लिये यह वर्श उत्पादकता का वर्श मनाया जायें। उनहोने श्रम कानारा दिया है। चेयरमेन साहब, इस नारे के अनुसार इस दे ा में उसी आदमी कमो जीने का हक है जो मेहनत करता है। यह दे ा तभी तरक्की कर सकता है यदि हर आदमी अपने हाथ से मेहनत करके खाये और मेहनत करके इस दे ा का पालन पोशण करे। अब मै आपके सामने डिंमाड नम्बर 22 रखता हूं यह डिमांड कोआप्र ान डिपार्टमेंट से सम्बन्धित हैं सभापति महोदय, आप अच्छी तरह से जानते है कि गरीबों की भलाई के लिय अगर कोइ महकमा काम करता है तो वह यही महकमा है सब से ज्यादा योगदान हमारा सहकारी विभाग करता है । आज हमारे हरियाणा में जो भी पंच हजार की आबादी का गांव है, उसके बारे में सरकार ने फैसला किया है कि वहां पर कन्जूमर स्टोंर द्वारा सारी चीजें मुहैया करवाई जायेगी गांवों मे जोचीजें भेजी जायेगी वह ठीक रेट पर आम आदमी को दी जायेगी। चेयरमैन साहब, अगर सरकार गरीब आदमियो की भलाई का कोई काम करती है याकोइ ऐसा काम

करती है जिससे आम गरीब आदमी का फायदा हो तो अपोजी ानके भाइयों को महसूस होता है क्योकिं वे अपने समय में कुछ भी नहीं कर पाये। सरकार से मेरा निवेदन यह भी है कि जब सरकार ने इतना बोल्ड फैसला लिया है कि हर पांच हजार की आबादी वाले गांव में कंज्यूमर स्टोर खोला जायेगा जिसमें हर जरूरी चली की उपलब्धि होगी, वहां सरकार को यह भी करना चाहिये कि जहां पर सरकार स्टोर खोले वहां पर वे सारी चीजें जैसे मिट्टी कातेल, दाल चीनी तथा और चीजें जो रोजना काम में आती है।, उन स्टौर्ज में उपलब्ध कराई जाये। इन चीजों की वहां पर कोइ कमी नहीं होनी चहिये। सभापति महोदय, मै एक बात और कहना चाहता हूं कि कोआप्रे ान डिपार्टमे ।ट गरीब से गरीब आदमी को टयूबवैल लगाने के लिये और जमीन खरीदने के लिये और जमीन ठीक करने के लिय कर्जा देता है लेकिन रेट आफ इंट्रैस्ट बहुत ज्यादा है इसको कम करना चाहिये। जिसरेट पर डी0आर0डी0ए0 का लेन मिलता है। उससे सिर्फ एक या दो परसैंट ज्यादा लिया जा सकता हैं गरीब आदमी इतना ब्याज नहीं देसकता और वास्तव में जो गरीब आदमी होता है वह ब्याज ही पूरा कर पाता है उसका मूल यूं का यूं ही खडा रहता है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस कर्जे पर आठ परसै ।ट से ज्यादा ब्याज नहीं होना चाहिये। सभापति महोदय, इस महकमे कमेबारे में मैं एक बात और कहना चहाता हूं। कि कल ही एक क्वैश्चन आया था और बताया गयाकि इस महकमे में 66 आदमियों को भर्ती किया गयाओर उनमें से केवल तीन हरिजन लिये गये। आज भी

बिजली विभाग के बारे में एक सवाल आया था ओर सरदार तारा सिंह जी ने बताया कि 324 आदिमी भर्ती किये गये उनमें आठ हरिजन स्पै ाल तोर पर भर्ती किये गये जो अस्सी आदमी भर्ती किये जाने थे वे नहीं किये गये। मेरा निवेदन है कि जब सरकार ने गरीबों का इतना ख्याल किया है उनकी तरख्वाह भी बढाई जा रही है, ज्यादा चीजें उनको मुहैया की जारही है। उनको कर्जा दिया जा रहा है और दूसरी तरह की सहूलियतें दी जा रही है तो फिर नौकरियों में भी उनको ख्याल रखा जाना चाहिये। रिजर्वे ान को सर्विसिज मेंपूरा किया जानाचाहिये मैं चौधरी भजन लाल को दाद देना चाहता हूं कि जहांपहले पुलिस मेंतीन चार और छः परसैंट की रिजर्वे न थी वहां इन्होने 16 परसैंट तक की रिजर्वे ान पुलिस में पूरी की हैं मेरी प्रार्थना है कि रिजर्वे ान काजहां इतना ख्याल दूसरे विभाग रखते है वहां पर बिजली विभाग और कोआप्रे ान विभाग को भी ख्याल रखना चाहिये ओर इन दोनो विभागों में जो रिजर्वे ान के कोटे में कमी रही है उसको पूरा किया जानाचाहिये। (व्यवधान)......................तो हरिजनों के बारे में चेयर के आदे ाानुसार रिकार्ड नहीं किया गया। बोलने भी नहीं देते थे। चेयरमेन साहब, मैं होम मिनिस्टर और मुख,य मंत्री क बहुत आभारी हूं कि उन्होने पुलिस विभाग मे ं हरिजनों की भर्ती में बढौतरी कराई है। (ाोर एवं व्यवधान) सभापति महोदय, आप जानते हे कि जाहं तक रिजर्वे ान का ताल्लूक है, ये हमारे अपोजी ानक `भाई जो हरिजनों का दम भरते हे ये बसबसे पहले उनके खिलाफ बोलते थे और हमें कहा जाता थाकि

तुम हरिजनों के ठेकेदार हो। उस समय चौधरी......................कहते थे कि क्या तुमने हरिजनों का ठेका ले रख है। (ाोर एवं व्यवधान) चेयरमैन साहब, मैं कहना चहता हूं कि जब हम ट्रेजरी बैन्चिग पर बैठते थे तो हमें कहा जाता था.........................

चौधरी भले रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। चेयरमेन साहब, ये कह रहे ह `कि जब मैं ट्रेजरी बैन्चिज पर बैठता था तो ये हमारे साथ ही ट्रेजरी बैन्चिज पर बैठते थे। ये भी बैठते थे और हम भी बैठते थे। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, यह कैंडिट तो चौधरी भजन लाल को जाता है जिन्होने चार और छः परसैंअ से सोलह परसैंट की भती्र पुलिस में हरिजनोंकी कराई है। पिछली सरकार को हम बार बार कहते थे कि हरिजनों के उत्थान के लिये, हरिजनों के फायदे के लिये निगम की कैपिटल बढाओं लेकिन उस सरकार ने कोइ ध्यान नही ंदिया। चौधरी भजन लाल ने निगम की कैपिटल दो करोड से पांच करोड की हैं

श्री भागी रामः आन ए प्वायंट आर्डर सर। चेयरमेन साहब, क्या ये बता सकते हे कि निगत की बैठकें कब कब हुई है। मेरी जानकी के अनुसार पिदले डेढ साल से इसकी कोई मीटिंग नही ंहुई हैं

श्री लहरी सिंह मेहराः आप तो हरिजनों को लोन नहीं देना चाहते थे।चेयरमैन साहब हर तीसरे महीने निगम की बैठक

होती है। अगर भगी राम उसमें न आये तो क्या कियाजा सकता हैं चेयरमैन साहब, चौधरी टेकराम यहां पर बैठे हुये पिछली बार......... ....ने इनको 17 कमेटीज का मैंबर बनाया था और ....को इक्कीस बाईस कमेटीज का मैंबर बनाया था। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः सभापति महोदय, जो आदमी सदन में नही हैं उनका नाम यहां सदन में नहीं लिया जाना चाहिये। इसलिये लहरी सिंह ने जो नाम लिये हे वे ऐैकसपन्ज करा दिये जाये।

श्री सभापतिः जो आदमी सदन में आने आप को डिफैनड नहीं कर सकता उसका नाम यहां नही लिया जाना चहिोय। लहरी सिंह जी आप सिर्फ डिमांड पर ही बोले। जो नाम इनहोने बोले है उनको रिकार्ड न कियाजाये।

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, मैने अपने ुलैट पर प्रैस कांफ्रैस बुलाई और मैने चार्ज लगाया था कि ....के दामाद और समधी है वे 21–22 कमेटीज के मैंबर है लेकिन बाद मे इनहोने इस बात को डिनाई किया। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री जय नारायण वर्माः चेयरमैन साहब, जो आदमी हाउस मे अपने आपको डिफैन्ड न कर सकते हो, उनका नाम यहा हाउस में नहीं लिया जाना चाहिये।

श्री सभापति : चौधरी टेकराम जी तो हाउस के सदस्य है वे तो अपने आपको डिफेन्ड कर सकते है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री लहरी सिंह मेहराः चेयरमैन साहब, ये बार–2 अब मेरे बारे में कह रहे है अगर मैने कोई बात कह दी तो इनको बुरी लगेगी। अब मैं अपनी अगली डिमांड पर आता हूं।

श्री सभापतिः चौधरी लहरी सिंह जी , आपका समय खत्म होने वाला हैं आप बोलेने से पहले यह बता दें आप कौनसी डिमांड पर बोलना चाहते है।

श्री लहरी सिंह मेहराः मैं अब डिमांड नं0 17 पर बोलना चाहता हूं जोकि एग्रीकल्चर से सबंधित है। चेयरमेन साहब, जहां तक एग्रीकल्चर विभाग का ताल्लुक है इसमें कोइ दो राय नहीं है कि इस विभाग ने पिछले दोसालों से काफी तरक्की की है। जहां तक बीज का ताल्लूक था सस्ते और अच्छे बीज किसनों को उपलब्ध हो रहे है। लेकिन वास्तवक में जितने बीत किसानों को दिये जाने थे वह नहीं दिये गये है। अब मैं सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि पहले तो ने ानल सीड कारपोरे ान के द्वारा बीज लिये जाते थे लेकिन अब तो हरियाणा स्टेट की अपनी ही हरियाणा सीड कारपोरे ान है, अब तो किसी प्रकार की सरकार को बीजों के मामलों में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। अब तो सरकार को और अच्छी किसम के बढिया बीज किसानों को सप्लाई

करने चाहिये। इस सारे काम के लिये एग्रीकल्चर विभाग के ईमानदार औरसमझदार अधिकारी भी प्रं ासां के पात्र है।

चेयरमैन सहाब, इससे आगे मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा प्रान्त के अन्दर मार्किट कमेटियों के लिये मंडियों का निर्माण हो रहा हैं यह भी एक बडा सराहनीय काम है। इसके साथ–2 सरकार से निवेदन करूगां कि आज किसान को अपनी जिन्स मंडियों तक पहुचाने के लिये बडी मुि कल का सामना करना पड रहा है और उसे दूर का और गन्दार रास्ता , टूटा–फूटा रास्ता मंडियों तक आने के लिये तय करना पडता हैं मंडियों तक जाने के लिये डेढ डेढ दो–2 फर्लांग का जो रास्ता खराब है, उस रास्त`की सरकार को ठीक ककरवाने के लिये भीघ्र कदम उठाने चाहिये ताकि किसानों को किसी प्रकार की दिक्त का सामना न करना पडे। मार्किट कमेटियों की तरफ से इन सडकों का निर्माण करने के लिये पैसा लगना चाहिये। सरकार को इस और अव य ध्यान देना चाहिये ताकि किसान ठीक समय पर और बिना तकलीफ के अपनी जिन्स मंडियों के अन्दरला सके। (घंटी) बस चेयरमैन साहब, मैं एक दो बाते ंओर कह कर आना स्थान लूगां।

चेयरमैन साहब, अब मै इरीगे ान के बारे में कुछ कहना चाहता हूं इसके लिये मैं सरदार तारासिं हजी ओर श्री देवेन्द्र भार्मा जी को बधाई दिये बगैर नहीं रह सकता कि उनहोने वास्तव में बहुत अच्छा काम कर दिखाया है। जो बडे–2 नदियां,

नाले, लोगों के रास्ते में रूकावट थे उन पर पुल बना दिये है और इस तरह से 10–10, 20–20 और 30–30 गांव आपस के में एक दूसरे से कट आफ हुये पडे थे, पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के बार्डर की तरह दूर–2 थे, अब उन सबको आपस में मिला दिया गयाहैं यह एक बहुत ही अच्छा औरसराहनीय कदम हमारे इरीगे ान मिनिस्टर महोदय ने उठाया है। इससे लोगों को बउी सहूलियतें मिल गई है। इसी तरह से मैं यह कहुंगा कि जिस तरह से कि यू0पी0 वालें ने यमुना नही के उपर अपनी तरफ बांध बनायाहै उसी प्रकार से हमारी सरकार को भी ताजेवाला से होडल तक युमना नदी पर बांध बनाने के लिये प्रयास करने चाहिये ताकि किसानों को इस से लाभ होसकें इन भाबदों के सथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने कासमय दिया। धन्यवाद।

श्री सभापतिः डाक्टर बृज मोहन गुप्ता।

श्री वीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंअ आफ आर्डर हैकं पहली बात तो यह है कि आपके होते हूये भी हमें बोलने कासमय नहीं मिला। हम तो इसी इन्तजार में थे कि हमें बोलने का समय दिया जायेगा और इसी इन्तजार मे हमें खाना भी नहीं मिला।

स्वामी अग्निवे ाः चेयरमेन साहब, मैं भी बार–2 बोलने के लिये खडा हो रहा हूं मुझे भीा अपनी पार्टी की तरफ से बोलने

काटाईम मिलना चाहिये लेकिन आप हमारी तरफ ध्यान नहीं दे रहे है।

श्री सभापतिः ठीक है जी, स्वामी जी आपको भी समय दियाजायेगा। अब आप बैठिये।

डा0 बृज मोहन गुप्ता(जगाधरी): चेयरमैन साहब, आपका धन्यवाद जो आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया। सबसे पहले मैं डिमांड नं022 पर अपने विचार रखूगां जोकि कोआपरे ान विभाग से सम्बन्धित है और 13 करोड रूपये के लगभग की हैं सभापति महोदय, ट्रिब्यून अखबर ने अपने आर्टीकल के हैंडिग में ये लिखा हैं ''कोआपरे ान और करप्‍ न मूवमैंट इन दि कंट्री''। मुझ भी यह आर्टीकल पढने का मौका मिला। भाायद सभापति जी, आपने भी यह पढा होगा। नहीं पढा तो पढ ले। यह जो मूवमैंट सरकारी पैटर्न पर चलाई गई थी इस मूवमैंट का इस अब असली मकसद छोड दिया गया हैं और अब इस इलैक ान और करप्‍ ान मूवमेंट में बदल दिया गयाह । मैं तो यह बताना चाहता हूं कि हरियाणा के अन्दर जितने भी मैडीकल स्टेरज है उन सबसमें घटा ही चल रहा हैंमैं आपको अम्बाला कैन्ट की एक मिसाल देता हूं। वहां पर एक सुपर बाजार हैं वहां पर दो अढाई साल पहले एक बडा भारी घपला हुआ था ओर सरकार की तरफ से वहां पर एक सीनियर आडीटर आडिट करने के लिये भेजा गया था उसका नाम रामगोपाल था। उसने अपने आडिट नोट मे ंयह लिखा है कि यहां पर बडा भारी घपला हुआ हैं वहां के जी0एम0 साहब ने उस

आडीटर को यह कहा कि या तो नोट को बदलो नहीं तो हम किसी न किसी केस मे आपको फंसायेगें उसने कहा कि आखिर मैं किसी लिये यहां पर आया हूं। अगर कोई खरबी होगी तो मे। अव य प्वांयट आउट करूंगा। वह न माना तो फिर उसके उपर एक झूठा केस बनायागया और उसे सस्पैंड कर दिया गया आज उस आदमी को लगभग दो साल हो चुके है। वह सस्पैंड ही चला आ रहा हे जबकि कानूनों के मुताबकि सस्पैंन्डिड आदती को 6 महीने के अन्दर–2 रि–इंस्ट्रट करना होता हैं आज तक उस का कोई चालान भी पुलिस किसी आदालत में पे ा नहीं कर सकी। उससमें जो जूनियर आदमी थे, वे सारे के सारे परमोट हो चुके है। यह हालत तो इस सरकार के राज्य में एक ईमानदार आदमी की है। जी0एम0 साहेबान भी फंसे हुये है इस प्रकार से यह तो इनके कोआपरे ान विभाग का हाल है।

चेयरमैन सहाब, इसके साथ साथ में डिमांड नम्बर 5 पर जोकि एक्साइज विभाग वगैरह से सम्बन्धित है पर भी कुछ कहना चाहता हूं। वे मिनिस्टर बैठे नहीं हैं मै उनको बताता। आज सुबह भी इस मसले पर बात हो चुकी है कि एक दवाई पोटाि ायम सायानाईड है, जोकि बहुत ही खतरनाक है जिसके सेवन से आदमी क्षणों तक भी जिन्दा नहीं रह सकता, वह दवाई खुलेआम बिक रही है। उस पर किसी प्रकार की रोक नहीं है। जगाधरी और यमुनानगर में परसों ही एकलडका और लडकी इसके खाने से मर गये है।

इससे आगे मैं यह कहना चाहता हूं कि जगाधरी आज हरियाणा के अन्दर ही नहीं, बल्कि सारे भारतवर्श के अन्दर बर्तनों की इंडस्ट्रीज के नाम से प्रसिद्ध है। सारे हिन्दुस्तान में वहां से बर्तन भेजे जाते है। और कुछ बाहरभी जाते है। चूंकि हरियाणा के अन्दर उसका रा–मैटीरियल नहीं होता इसलिये वह भी बाहर से आता हैं हमने एक मांग रखी थी कि वहां पर सैन्ट्रल सैल्ज टैकस 4 प्रति ात से घटा कर 1 प्रति ात कर दिया जाए। वह ट्रायल के आधार पर कुछ महीनों के लिये किया भी गया और उसके बाद उसको एक्सटेंड करना था उस वक्त गवर्नमेंट हमारी थी लेकिन जब ट्रायल का समय निकल गया तो बदकिस्मती यह रही कि गवर्नमेंट बदल गई। फिर उस पर विचार हुआ। मैं किसी पर इल्जाम लगाने वाली बात नहीं करूंगा कि किसी मंत्री ने किसी से चन्दा लिया या नहीं लिया लेकिन मैं मंत्री जी सेएक बात जरूर कहूंगा कि यह बहुत जरूरी मसला है। जगाधरी मं बर्तनों की काटेज इंडट्ररी है घर–2 में बर्तन बनते है अैर वहां पर चारों तरफ से मजदूर आकर अपना पेट भरते है। वहां पर मजदूरों का हीन नहीं बिल्कि बाकी सब का भी धंधा चलता है लेकिन यह सरकार इस इंडस्टरी को बिल्कुल तबाह करने पर तुली हुई है। मैने पहले भी बताया था कि कई स्टैप्स मे से होकर गुजरने के बाद ये बर्तन बनते है। पहले रा–मैटिरियल को ग्लाना फिर उसका पीतल बनाना फिर उसको रोल करना , काटना, दबानाऔर डाई पर लगाना इत्यादि। यानि इसके कई प्रोसैस है तब कहीं जाकर बर्तन बनते हैं कोइ आदमी कुछ प्रौसैस करता है और कोई कुछ करता हैं । आप

जानते है कि मजदूर लोग पढे लिखे नहीं होते। रा–मैंटिरियल काकुछ पोर ान जिस जगह उसकी इंडस्टरीज होती है वहां से इधर–उधर जाता है। इस मुवमैंट पर मिनिस्टर साहब ने वि वास दिलाया था कि किसी की भी चैकिग नहीं होगी। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पडता है कि इनके अ योरेंन्स के बावजुद जगह जगह पर चैकिंग होती हैं। बेचारे गरीब लोगों का सामान पकड करले जाते है और उनको जुर्माना भी करते है। उनका सामान भी खा जाते है और जो जुर्माना होता है वह फिफ्टी– फिफ्टी हो जाता हैं मेरी मांग यह है कि सरकार इस पर पुनर्विचार करे। इसके बाद मैं डिमांड नं03 पर आता हूं। मेने पिछले साल भी हाउस में एक किस्सा सुनाया थां रोहतक जिले के पास एक छोटा सा गांव खोरडा है। वहां पर एक बेवा मां थी जिसका एक 6–7 साल काबच्चा था और कोई और सहारा नहीं था। उस बच्चे को पहले तो वहां से गायब किया गया और जाते–2 लिख गये कि दस हजार रूपये फलां जगह पर भेज दो या रख दो , आपका बच्चा मिल जाएगा। वह बेचारी मां कहां से दस हजार रूपये देती। महीने डेढ महीने के बाद उस बच्चे का पत्थर बांध कर एक कुयें में डाल दिया गया यह केसी साल्हावास पुलिस स्टे ान का हैं उसके बाद किसी ने बेचारी गरीब बेवा को पत्र लिखा कि आपका बच्चा फलां कुयें में पडा हैं वहबेचारी चिट्ठी लेकर पुलिस के पास गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जब दोबारा पुलिस के पास गई तो तीन दिन बाद पुलिस आई और उस बच्चे को कुंये से निकाला गया। मुझे आज तक उस केस

का पता नहीं था कि क्या बना लेकिन अब मुझे पता चला है कि वह केस अम्बाला इन्वैस्टीगे ान सैंटर में दे दिया गयाहै।

इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं । मैने मंत्री जी से मांग की थी कि जगाधरी एक इंडस्ट्रीयल टाउन होने के नाते और वहां जयादा आबादी होने के नाते हमने क्या कसूर कियसा हे कि अभी वहां पर एक छोटा सा थाना है वह भी अपग्रेड न हो। अगरवहां का थाना अपग्रेड होगा तो वहां पर एक इंस्पैक्टर पुलिस आ जायेगा।कुछ एस0आईज0 आ जायेगें और कुछ ए0एस0आई0 तथा कांस्टेबल आ जायेगें। एक बात यह है कि वहां पर सट्टा बडा कामन चलता है। उनकी बाकायदा मन्थली बंधी हुई है। यानि जो सट्टा चलाने वाले लोग होतेह`, वे महीना बांध देते है और अपना काम आराम से चलाते है।

इसके उपर और ज्यादा न कहते हुये मैं डिंमांड नं0 2 पर कहना चाहूंगा। मुझे बडे दुख के साथ कहना पडता है कि जब पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदे ा का रिआर्गेनाइजे ान हुआ था तो उस समय सर्विस रूल्ज बने थे। उन सर्विस रूल्ज को ऐ तरफ रखकर हरियाणा के अन्दर कुछ और अमैंडममेंटस कर दी गई ओर सारी पावर सैन्ट्रलाईज कर दी गई। चाहे उसमें इंजीनियर्स हो, चाहे डाक्टर्ज हो या और हो, इन सब की एनुअल कंफिडैनि ायल रिपोर्ट एक आदमी लिखेगा। वह आदमी उनके महकमें का सीनियर अफसर नहीं होगा बल्कि एग्जैक्टिव काहोगा। इसके बारे में मैने एक सवाल भी दिया हुआ है भाायद उसका

जवाब कल आएगा। आप ही बताये कि टैक्नोक्रैटस के बारे में दूसर `डिपाटैमेट का आदमी क्या जानसकता है। इस बारे में अभी तक कोई सोच विचार नही हुआ। मुझे दुख के साथ कहना पडता है कि हरियाणा में दो आर्डिनेंस आये और उनके माध्यम से रीआर्गेनाइजे ान के बाद रूल चेंज किये गये। रीआर्गेनाइजे ान एक्ट मे यह बात थी कि जो फैसिलिटीज सरकारी मुलाजिमों को एक स्टैट देगी वही दूसरी स्टेटों को भी देनी पडेगी लेकिन हरियाणा में उस तरह से नहीं हुआ। एक आर्डिनेंस के द्वारा हरियाणा के अन्दर एवरेज रिपोर्ट जिसके साथ कोई रिमार्क्स न हो, उसको एडवर्स कहा गया है। बडे दुख की बात है कि एवरेज रिपोर्ट कनवे भी नहीं की जाती। दूसरा आर्डिनैंस यह इ ू किया गया कि जो आफिसर 50 साल की एज क्रास कर जाएगा और उसकी 10 में से 6 कन्फीडैंि ायल रिपोर्टस अगर खराब होगी तो उसको कम्पलसरी रिटायर कर दिया जाएगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि यह जो पावर सैन्ट्रलाइज कर रखी है, इसका मुद्‌दा केवल एक ही है और वह यह कि किसी तरीके से इलैक न जीत ले। मंत्री जी क्यों नही जवाब देते कि हम इनको डिसैन्ट्रलाइज करेगें। जो कम्पलसरी रिटायरमेंट के बारे मे ंबात की गई है इस पर पुनर्विचार करेगें। मैं चाहता हूं कि जो सहूलियतें पंजाब और हिमाचल प्रदे ा के कर्मचारियों को दी गई है वही हरियाणा के कर्मचारियों को दीजाये। इसके साथ–2 मैं अन्त में यह कहूंगा कि ये जो डिमांडज रखी गई है, मै इनका विरोध करता हूं। इनहें पास न किया जाये। धन्यवाद।

स्वामी अग्निवे ा (पून्डरी): सभापति महोदय, मैं आपका बडा धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया। मुझे इस बात की भी बडी खु ाी है कि आपने मुझे पहली बार अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ कर बोलने का मौका दिया। मैं मांग संख्या 2, 3, 4, 5,, 15 और 17 पर अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। सभापति महोदय, इस सरकार ने पिछले बजट सै ान के दौरान बडे जोर– ाारे के साथ यह घोशणा की थी कि हरियाणा के अन्दर 31–3–81 तक तमाम हरिजनों को जितनी भी सरप्लस जमीन थी, वह अलाट कर दी गई है। और उनको 31 मार्च से पहले पहले पूरी तरह से कब्जा दिला दिया जायेगा। सभापति महोदय, मैं इस सरकार की सबसे बडी गलत बात आपके सामने बताना चाहता हूं । मैं चौधरी भजन लाल की सरकार पर यह आरोप भी लगाना चाहता हूं। कि इस सरकार ने इतनी बडी असत्य बात फैलाई है जिसका मुकाबला नहीं होसकता कि सरप्लस जमीन हरिजनों में बांट दी गई है, न केवल बांटी जा चुकी है बल्कि पूरी तरह से कब्जा भी दिलाया जा चुका हैं। सभापति महोदय , मैं दावे के ाथ यह कह सकता हूं कि यदि यह सरकार पूरे हरियाणा के अन्दर यह सिद्ध कर दें कि इनहोने तमाम हरिजनों को, जो हरियाणा प्रान्त के रहने वाले है, सरप्लस जमीन बांट दी है, तो मैं आज ही विधान सभा से अपना इस्तीफा देने के लिये तैयार हूं। सभापति महोदय, इस तरह की घोशणायें करके इस सरकार को हरिजनों के साथ मजाक नहीं करना चाहिये। यह कोई तरीका नहीं है पहले तो हरिजनों को जमीन दी ही नही

जाती ओर उनको कब्जा नहीं दिला सकती हैं सभापति महोदय, यह सरकार पूरी तरह से बडे–बडे जमीदारों का पक्ष लेती है। हरियाणा में ऐसे हजारों जमीदार है जिन्होने सरप्लस जमीन अपने कुत्ते बिल्लियों के बेनामी नामों से करवा कर रखी हुईं हैं अपने रि तेदारों के बेनामी नामों में रखी हुई हैं अपने लडके–लडकियों के नाम करवा रखी है और अपनी अपनी पत्नियों के नाम करवा रखी है। यही नहीं बल्कि अपनी पत्नियों सेतलाक लेकर जमीन अलग– अलग नाम पर रखी हुई हैं सभापति महोदय, तलाक होने के बाद आज भी उनके बच्चे पैदा हो रहे है। इसलिये मैं इस सरकार पर बडी गम्भीरता के साथ यह आरोप लगाना चाहता हूं कि इस सरकार की हरिजनों को जमीन देने की बात सरासर गलत है और गरीब हरिजनों की आंखों में धूल झोंकने के समान हैं। इसके अलावा सभापति माहदेय, मैं एक और बात कहना चाहता हूं और वह बडी गम्भीर बात है। हरिजनों को खेती करने के लिये जमीन देने की बात तो दूर रही, उनको रिहाय ी प्लाटस भी नहीं मिले है। गरीब हरिजनों को रहने के लिये अपना सिर छुपाने के लिये उनको जगह चाहिये। यदि कही पर उनको प्लाअस दिये भी गये है तो वे भी जोहडों और कब्रिस्तान जैसी जगहों पर लिये गये है जहां पर कोई भी आदमी नहीं रह सकता। ऐसी जगहोंपर उनको प्लाटस दिये गये है और उनका भी कब्जा नहीं मिला हैं सभापति महोदय, आप मेरी इन बातों की पूरी तरह से छानबीन कर ले यदि एक भी बात असतय हो तो मुझे आप जो मर्जी सजा दे। सभापति माहेदय, मुझे यह भी मालूम है कि ट्रेजरी बैंचिज पर

बैठे हुये लोगों में से भी कुछसदस्य ऐसे है जो ईमानदारी से यह महसूस करते है कि हरिजनों के साथ यह मजाक हो रहा है। जब वे लोग हमें अलग से मिलते है, तो कहते ळे कि स्वामी जी आपकी बात ठीक है। इसलिये मैं उन्हें यह कहता हूं कि वे यदि महसूस करते है तो किसी स्टेज पर खडे होकर उन्हें इस बारे में बोलना चाहिये तरना कल अगर वे हरिजनों से वोट मांगने के लिये उनके पास जायेगें तो हरिजन लोग उनको अपना वोट नहीं देगे। इसके अलावा सभापति महोदय, हरिजन बस्तियों मेंस्ट्रीट लाइट देने की बात भी आई है। इस बारे में मैं कुछ बातें आपके सामने कहना चाहताहू। सभापति महोदय, जनतापार्टी के भाासन के दौरान हरिजन चोपालों की बात भाुरू की गई थी और उस समय इस बारे में बहुत से सदस्यों ने इधर से भी ओर उधर से भी यह कहा था कि यह बहुत अच्छा काम हो रहा है। सभापति महोदय, हरिजनों के नाम पर चौपाल बना कर हरिजन बस्तियों मे ंबिजली लगे या कुछ और काम होने लगता है तो यह कहते है कि हरिजनों की भलाईं के लिये काम हो रहे है। लेकिन सरकार हरिजनों के नाम पर यदि अलग से चौपाल बनाती है तो इसका मतलब यह हुआ कि वह चौपाल नहीं चोपाड बना रही हैं चौपाल जहां पर होगी वहां पर चारो ंवर्ण इकट्ठे बैठने चाहिये। ब्राहमण,गुजर अहीर, जाट और चूहडा सब के लिये एक चौपाल होनी चाहिये। जहां पर गांव के सभी जाति के लोग इकट्ठे बैंठै। लेकिन यदि गांवो मे हरिजनो क लिये अलग चौपाल होगी तो उनके अन्दर भी यह भावना पैदा होगी कि कविदासियों की अलग

चौपाल होनी चाहिये और रविदासियों की अलग चौपाल होनी चाहिये। इस तरह से करक`इस सरकार ने गांवो को उजाडने की को‍ि ा ा की है, उनको बसाने की को‍ि ा ा नहीं की। सभापति महोदय, आप भी गुड़गावं जिले के दयालपुरा गांव के रहने वाले है। आप जानते है कि सारे हरियाणा के अन्दर किसी ीि गांव मे हरिजनों के लिये पीने के पानी के कुयें अलग मिलेगें। उनके मोहल्ले अलग मिलेगें सभापति महोदय, हम सब भारत माता की संतान हैं स्वतंत्र भारत के नागरिक है। सबके हक एक बराबर होने के बातजूदभी गांवों में हरिजनो के लिये कुयें अलग है, उनके मोहल्ले अलग है और उनकी चौपालें भी अलग है। सभापति महोदय, पीने के पानी को नहीं बांटना चाहिये । परमात्मा ने पीने का पानी सबके लिये बराबर दिया है। किसी को अलग बांटने के लिये नहीं दिया। इस तरह से करके यह सरकार हरियाणा में जातिवाद को बढावा दे रही है। इसके अलावा मैं यह भी चाहूंगा कि सभी सदस्य ईमानदारी के सथ इस बात को महसूस करे कि हरियाणा में एक आन्दोलन भाुरू किया जाये कि गांवों में पीने के लिये पानी सब के लिय बराबर होगा। गांवों में सब मोहल्लों के लिय एक ही कुआं होना चाहिये। इस बारे में सभी सदस्यों को मिल कर एक आन्दोलन चलाना चाहिये। इसके अलावा हरिजनों के लिये अलग चौपालें भीनहीं बनानी चाहिये। सभापति महोदय, जब हमारी जनतापार्टी की सरकार थी उस समय मैने अपने हल्के के किसी भी गांव में जाकर चौपालों की नीवं नही रखी। इसलिये मैं इस सरकार से कहना चाहता हूं कि गांवो मे एक ही चौपाल होनी

चाहिये। गांवो में किसी जाति वि ोश कें नाम पर चौपाल नहीं बननी चाहिये।

सभापति महोदय, सामान्य प्र ाासन के अन्तर्गत मैं एक और बात आपके और सदन के ध्यान मे लाना चाहता हूं। कि हम विधायक जनता द्वारा डायरैक्ट चुने जाते है इसलिये हमें कोई भी सरकारी अफसर डी0सी0 या एस0डी0एम0 वगैरह बरखास्त नहीं कर सकते । डायरैक्ट जनता द्वारा चुने हुये सदस्यों का यह अधिकार है कि उनको बरखास्त नहीं किया जा सकता जो गांवों में सरपंच होते है वह भी जनता द्वारा बरखास्त नहीं किया जा सकता जो गांवों में सरपंच होते है वह भी जनता द्वारा डायरैक्ट चुने जाते है लेकिन उनको सरकारी अफसर सस्पैंड या डिसमिस कर देते है। जब एक आदमी गांवों मे पूरे मतों से जीत जाता है तो उसको भी वही प्रिविलेजिज होने चाहिये जो एक विधायक को प्राप्त हैं जो विधायक है वे भी जनता द्वारा डायरैक्ट चुने जाते है यदि उनको कोइ सरकारी अफसर डिसमिस या सस्पैंड नहीं कर सकता तो सरंपच को कैसे किया जा सकता है। क्या सरंपच की कोई गलती है, जिसके लिये सरकार इतनी बडी सजा देती हैं किसी को सस्पैंड कर देती है और किसी को डिसमिस कर देती हैं सभापति महोदय, सरंपच के हाथों में गांवों के अधिकार दिये हुये है। महात्मा गांधी जी ने भी कहा था कि गांव के पूरे अधिकार संरपच के हाथ में होगें लेकिन यह सरकार सरपंचों के साथ ऐसा व्यवहार करके स्वर्गीय महात्मा गांधी के स्वप्न पर कुठाराघात कर रही है।

इसलिये में कहना चाहता हूं कि सरकार को यह अधिकार सरकारी अफसरों को नहीं देने चाहिये कि वे सरपंचों को सस्पैंड या डिसमिस कर दे। सभापति महोदय, सामान्य प्र ।ासन पर कल भी मैने एक सवाल उठाया था। उस समय चेयर पर अध्यक्ष महोदय थे, वे मेरे सवाल का जवाब नहीं दे सके। पता नहीं उनको मेरा सवाल समझ नही आया या मैं उनको समझा नहीं सका। मैने यह सवाल उठाया था कि हरियाणा बने हुये आज 15 साल से भी ज्यादा समय होने जा रहा है लेकिन हिनदी के नाम पर बने हुये हरियाणा के अन्दर इस समय भी सारे के सारे काम कानून या विधि के काम अंग्रेजी में होते है। इस सरकार के जो काले अग्रेंज आफिसर बैठे है, क्योकि भूरे अग्रेंज आफिसर तो हिन्दुस्तान छोड कर चले गये लेकिन जो काले अंग्रेज आफिसर बैठे हुये हैवे हरियाणा की छाती पर मूंग दल रहे है ओर कहते हे कि हम पहले अंग्रेजी मे काम करेगें और फिर उसका अनुवाद हिन्दी में करेगे। सभापति महोदय, हाउस की टेबल पर जितने भी कागज रखे जा रहे हे वे सारे अंग्रेजी भाशा में होते है और फिर उनका अनुवाद हिन्दी भाशा में किया जाता है। सभापति महोदय, हरियाणा में कुरूक्षेत्र की धरती पर रह हरे आज ये काले अंग्रेज आफिसर हिन्दी भाशा की बिना पर बने हुये हरियाणा प्रान्त में आज भी सारे के सारे काम अंग्रेजी भाशा में कर रहे है। सभापति महोदय, हर साल 15 अगस्त को यह अनाउन्स किया जाता है कि 26 जनवरी तक सारा काम हिनदी भाशा में करेगें लेकिन इन बातों कोसुनत`हुये हमें आज पूरे 12 साल हो चुके है। लेकिन इस तरफ सरकार को कोई ध्यान नहीं हैं

इस सरकार के काले अंग्रेज आफिसर 6–6 महीने की एक्सटैन्‍ ान ले ले करके हिन्दी भाशा को लागू नहीं होने दे रहे हैं कानून का सारा मूल कार्य अंग्रेजी भाशा में किया जारहा है। जो दूसरे हिन्दी भाशी प्रान्त है उन्होने अपना कानून का काम ओर दूसरे सारे काम भी हिनदी भाशा में करने भाूरू कर दिये है लेकिन हरियाणा मे ंअभी भी यह काम अंग्रेजी भाशा मे किया जा रहा है। सभापति महोदय, इस लानत को दूर करने के लिये हम सरकार से अनुरोध करते है कि वह भाीघ्राति ाीघ्र स्वयं कोई कदम उठाये । **(15.00 बजे)** यदि सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं देती है तो किसी वक्त हरियाणा के अन्दर इस बारे में आन्दोलन भाुरू किया जायेगा और सरकार के काले अंग्रेज आफिसरों का घेराव किया जायेगा। यह अंग्रेजी भाशा हरियाणा प्रान्त में ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। सभापति महोदय, मुझे बडे दुख के साथ कहना पडताहै कि जनता पार्टी के भाासन काल मे जब चौधरी भजन लाल जी मंत्री हुआ करते थे, उसक वक्त फरीदाबाद में गोली कांड हुआ था। 17 अक्तूबर 1979 को वहां पर वह अत्याचार हुआ जो नहीं होना चाहिये था। बेचारे मजदूरों पर गोलियां चली। वे लोग न्यूनतम मजदूरी की मांग कर रहे थे। वहां पर धारा 144 नही लगनी चाहिये थी। वे अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे। चौधरी भजन लाल की सरकार ने वहां पर 12 मजदूरों कोभून डाला। जो लोग उस एजीटे ान में हिस्सा नहीं ले रहे थे उन को भी भून डाला गया। वहां पर बडा अंसतोश फैला हुआ था। उस समय मैं चौधरी देवी लाल जी की सरकार में ि ाक्षा बोर्ड का चेयरमैन था। जब

मैने इस बारे मे ंसी0एम0 साहब से बात की और जुडि ायल इन्कवायरी की बात की तो मुझे वहा से उस समय की सरकार ने निकाल कर बाहर कर दिया। मुझे स्वयं निकलने का कोई दुख नहीं है। सभापति महोदय, बडे दुख के साथ कहना पहात हे कि 17 अक्तूबर, 1979 से लेकर आज 29 मार्च, 1982 तक सरकार ने जुडि ायल इन्कवायरी तो क्या मैजिस्टीरियजल इन्कवायरी की रिपोर्ट भी नहीं पे ा की। जुडि ायल इनकवायरी की मांग की गई थी लेकिन उसके बदले मे ंमैजिस्टीरियल इन्कवायरी के आदे ा दिये गये थे। मैं पूछना चाहता हूं कि यह रिपोर्ट आज तक क्यों पे ा नहीं की गई? उसको कयौं रोक कर रखा गया है?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (सरदार तारा सिंह): रिपोर्ट तो आ चुकी है?

स्वामी अग्निवे ा: सभापति महोदय, आज तक कोई रिपोर्ट नही आई हैं सभापति महोदय, आप जानते हे कि डबवाली में बहन भीला देवी के साथ क्या हुआ। उसके साथ बलात्कार किया गया और बाद में उस बेचारी की हत्या कर दी गई। सरकार ने कुछ समय बाद जुडि ायल इन्कवायरी रिपोर्ट पे ा की। उस रिपोर्ट के अन्दर जो दोशी थे उनको गिरफतार नहीं किया गया। सरकार कहती हे कि हमने उनको गिरफतार कर लिया। जब इन्कवारी करने के लिय एक हाई कोर्ट के जज श्री एम0आ0 भार्मा वहां पर जाते है, तो उनको कुछ और ही मिलता है। इन्कवायरी के अन्दर एस0एच0ओ0 को लोकअप में दिखाते है। एस0एच0ओ0

लोक अपन में नही ंमिलता। वह अपने आपको अस्पताल के अन्दर दिखाता है। जब जज महोदय वहां पर जाते है तो एस0एच0ओ0 वहां पर भी नही मिलाता और बाजार में घूमता हुआ मिलता है। यह आज की सरकार का हाल है । सभपति महोदय, आप ही बतायें कि कहां तक इंसाफ की आ ाा इस सरकारसे रखी जा सकती है। उन दोशियों को सजा होनी चाहिये। उनहोने उस बहन से मुंह काला किया था लेकिन उनको कुछ सजा नही ंदी जा रही हैं सभापति महोदय, इसी तरह से दूसरी जगहों के अन्दर भी घटनायें घटी है। इसी प्राकर से एक और घटना परसों गुडगांव के अन्दर घटी है। उस बहन के साथ बलात्कार किया गया ओर बाद में उसे मार दिया गया। सारे हिन्दुस्तान भर में इस बात की चर्चा है। लेकिन यह सरकार कुछ नहीं कर रही हैं सरकार की जरा सी भी हिम्मत नहीं है कि अभियुक्तों को गिरफतार कर सके। जो बूढा बाप कल तक अपनी लउकी को यह कहता था कि बेटी यदि रास्ते में कुछ हो जाये तो थाने में चले जाना आज वही बूढा बाप कहता है कि बेटी अगर तुझे मेले में कोई गुण्डा छेड दे तो थाने में मत जाना उसी से हाथ पंाव जोडकर अपनी इज्जत बचा लेना।,

''पा वां जब चोर हो तो कौन रखवाली करे।

उस चमन का हाल क्या जिसका माली मालीपना न करे।

ऐसा आज के समय में हो रहा हैं आज बेटियों की दिन दिहाडे इज्जत लूटी जा रही हैं (ोर) सभापति महोदय मैं आपको एक बात और बताना चाहता हूं। कुरूक्षेत्र वि वविद्यालय के अन्दर एक हरिजन लडके श्री वेद प्रका ा नरे जो एल0एल0बी0 में पढता था एक ब्राह्राण की जीवन आ ा नाम की लडकी के साथ भाादी कर ली। लेकिन सभापति महोदय उसके बाद क्या हुआ वह भी मैं आपको बतानाचाहूंगां उस क्षेत्र के कुरूक्षेत्र के विधायक ने जो मिनिस्टर भी है लडकी वालों पर जबरदस्ती दबाव डाला। ओर उस हरिजन लडके को पिटवाया गया ओर उसे थाने में बंद करवाया। उस लडकी से झूठा ब्यान दिलवायागया। सभापति माहेदय, इस प्रकार की भाादियों को तो बढावा देना चाहिये था। इनहोने बढावा देने के बजाये उल्टा काम किया। सरकार को उस लडके और लडकी को प्रोत्साहित करना चाहिये था ताकि ऐसी और भी भाादियां हो सकें।लेकिन बडे भार्म के साथ कहना पड रहा ळै कि आज ऐसे नौजवानो का`सताया जा रहा है(घंटी) सभापति महोदय, मैं एक बात डिमांड नं04 जो कि रैवून्यू से सम्बन्धित है कहना चाहता हूं। आज किसान अपना काम चलाने के लिये कुछ पैसा को–आप्रेटिव बैको से लोन लेते है। लेकिन धारा 67–ए के अधीन ऐसे कर्जदारों के साथ बडी बदसलूकी की जा रही है। यदि कोई किसान अपना काम चलाने के लिये 100 रूपये या 500 रूपया कोआप्रेटिव बैकों से कर्जा ले लेते है तो उनहें बहुत ही बुरी तरह से परेशान किया गयाहै। यह धारा 67–ए अंग्रेजो ंके समय से चली आ रही है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इस को बदला जाना

चाहिये। प्रातः प्र नलोतरकाल के दौरान ाीी यहां पर चर्चा हो रही थी। जो लोग लाखों करोड रूपया सरकार को टैक्स का नहीं देते , उनका कुछ नहीं किया जाता। न ही उनको पकडा जारहा है और न ही उन पर कोइ मुकदमा आदि चलाया जारहा हैं जो लोगा सेल्ज टैक्स की चोरी कर रहे है उनहे ये बढावा दे रहे है। उनकी तिजोरियों से अपनी जेबें और अपनी पार्टी की जेबें भर रहे है। इससे जयादा बडे भार्म की बात ओर क्या हो सकती है? आज इन लोगों ने एग्रीकल्चरल जमीन पर तो सीलिंग लगाई हुई है। मैं पूछना चाहता हूं कि जो बडे बडे सरमायेदार है, उनको को नही पकडते। आज जनता काफी परे ाान है। उनको नाजायज तौर पर दबाया जा रहा ळैं आज ये कह रहे हे कि कोइ किसान 18 एकड़ से ज्यादा जमीन अपने पास नहीं रख सकता। 18 एकड़ कोई 3–4 लाख रूपये की ही जमीन होगी। उसको तो ये परे ाान कर रहे है लेकिन जो करोडो रूपया सेल्ज टैक्स आदि का नहीं दे रहे है उनको कुछ नही कह रहे । जो बडे–2 इन्डस्ट्रीलिस्टस है उनको ये बढावा दे रहे है। यह एक बहुत ही राश्ट्रव्यापी प्र न है। इस पर सोचसमझकर कदम उठाना होगा। आज इन्होने किसानों पर तो सीलिंग लगा रखी है लेकिन जो बडी–बडी इंडस्ट्रीज के मालिक बने बैठे है उन्हे कुछ नहीं कहा जा रहा। इस सम्बनध में मेरा सुझाव है कि बडे–2 इंडस्ट्रीलिस्टस को छोडा न जाये, उनपर भी सीलिंग लगनी चाहिये। (व्यवधान एवं भाोर) सभापति माहेदय, आप भी आर्यसमाजी है और आर्य समाज से बहुत गहरा सम्बन्ध रखते है। भाराब की बात कहते हुये और सुनते हुये भार्म आती है।

लेकिन चौधरी भजन लाल की सरकार भाराब को अधिक से अधिक बढावा दे रही हैं जब अब सआप स्वयं आर्य समाज की सभा के मचं से बोलते है तो उस समय भाराब की आलोचना करते है लेकिन जब चौधरी भजन लाल, आप की सरकार गांव गांव में ठेके खोल रही है। भाराब के कट्टे गांवों में बांटे जा रहे है। बोतलें भर–2 गांवों मे ंपहुंचायी जा रही है। सरकार नारा लगा रही है कि भाराब खूब पियोऔर और खूब जीयो। पीने का पानी तो उपलब्ध नहीं करा रही लेकिन भाराब अव य उपलब्ध करवा रही है।(घंटी) सभापति महोदय, मैं सिर्फ एक ही बात और कहना चाहता हूं। सरकार यहां पर कह रही है कि एस0वाई0एल0 की एलाइनमेंट की बात हो गई है। पंजाब के सदन के अन्दर वहां के मिनिस्टर री कां ी राम ने कहा है कि एलाइनमेंट अभी नहीं हुआ है। ये यहां पर कह रहे है इलाईमेंट हो चुकी है इस तरह से सदनको गुमराह कर रही है बडे भार्म की बात है। इस तरह की बातों को आगे आने वाले समय में कोई सहन नहीं करेगा। सभापति महोदय मैं अन्त मे ज्यादा न कहते हुये जो ये डिमांडज पे ा हुई है, उनका विरोध करते हुये अपना स्थान लेता हूं।

श्री मनी राम(डबवाली –अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मैं डिमांड नं0 3, 4, 15, 17 और 22 पर बोलना चाहता हूं। मैं सबसे पहले ऐग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं। (विघन) चेयरमैन साहब, हरियाणा के अन्दर बहुत छोटे–2 किसान है जिनके पास चार–पांच एकड या

दस–पन्द्रह एकड जमीन है ऐसे बहुत कम किसान है। ये सब लोग कर्ज से दबे हुये है। हमारे हरियाणा की आबादी एक करोड उन्नतीस लाख है। किसानों के उपर सारी किस्म के कर्जे 50 करोड रूपये के है लेकिन वे कर्जे माफ नहीं किये जाते। दूसरी तरु हिन्दुस्तान के अन्दर 200 घर ऐसे है जिनके पास 10 अरब के करीब कर्जे है जो कि माफ हो जाते है। यह बात मुझे बडे अफसोस से कहनी पडती है। फिर चेयरमेन साहब, किसान अपने खेत में जो जिन्स पैदा करता है उसका उसे पूरा भाव नही मिलता बाहर से तो मंहगे भाव से गेहूं मंगवा लिया जाता है लेकिन अपने किसान को सरकार ठीक भाव नही देती। यह भी बडे दुख की बात है।

चेयरमैन साहब, इसके बाद मैं इरीगे ान डिपार्टमेंट के बारे में कहना चाहता हूं । हरियाणा कृशि प्रधान प्रदे ा है। खेती बाडी आप जानते है, सिचाई से होती है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि हमारे पास आज पूरा पानी नहीं है। हमारे हरियाणा का एक तिहाई हिस्सा सूखा पडा हुआ है। अगर इसे पानी मिल जये तो हमारा हरियाणा आधे भारवर्श को खाना खिला सकता है। इरीगे ान डिपार्टमेंट के अन्दर एम0आई0टी0सी0 आता है। वह खालों की लाईनिंग कर रहा है। हमने समझा था कि लाइनिंग करने से पानी की बढोतरी होगी लेकिन इन्होने इस किस्म काडिजाईन बनाया हे जिससे पानी टेल के खेतों को नही पहुंच पाता। नहरों का लैवल इन्होने उंचा बना दिया है । इससे टेल पर

पानी नही पहुंच पाता। मैटीरियल भी सब स्टैनडर्ड लगाया हुआ है। परिणास्वरूप खालें टूट जाती है। इस बारे में मै। सरकार को एक सुझाव दूंगा। ये फ्री बोर्ड तीन ईंच का लगाते है। इसकी वजह से खालों का पानी ओवर फलों हो जाता है और खेत तक नहीं पहुंच पाता। फ्री बोर्ड 6 ईंच काहोना चाहिये। ताकि टेल के खेतों को भी पानी मिल सके।

अब मैं डिंमाड नं0 22 पर जो कि कोआप्रे ान डिपार्टमेंट के बारे में है। बोलना चहाता हूं। मेरे भाई भागी राम जी ने सवाल पूछा था । वह सवाल सिरसा के एक बैंक में हुई भर्ती के सम्बन्ध में था। वहां एम0कौम0 और बी0कौम0 सडकों को तो नजरअन्दाज कर दिया गयालेकिन कम क्वालिफिके ान्ज के लडके लगा लिये गये। रिजर्वे ान ऐसा कह कर पूरी नहीं की गई कि क्वालीफाईड लडके अवेलेबल नहीं थे। यह हरिजनों के साथ बहुत भारी ज्यादती है। यही हाल फूड एण्उ सप्लाईज डिपार्टमेंट का है यहां फूट इंस्पैक्टर्ज से 8ए0एफ0एस0ओज0 प्रमोट किये गये लेकिन उनमें भी एक भी हरिजन नहीं लिया गया । यह भी हरिजनों के साथ ज्यादती है।

सरकार यहां कहती है कि हरिजनों को बडी भारी जमीन दे दी है। मैं सिरसा की बात आपको बताता हूं। वहां हरिजनों को सरप्लस जमीन ऐसी जगहों पर दी गई है जहां तक जाने के लिये रास्ता नहीं होता। पिदली बार मैने इस बारे में सवाल भी पूछा था लेकिन बात इधर उार की बातें करके टाल दी

गई। मेरी सरकारसे यह प्रार्थना है कि रास्ते का प्रोविजन जरूर होना चाहिये। अगर ऐक्ट में तरमीम करनी पडे तो तरमीम भी की जानी चाहिये। आज जमीन मालिक की मर्जी के मुताबिक मिलती है। यह बात नहीं होनी चाहिये।

अब चेयरमैन साहब, मै एक बात और अर्ज करना चाहूंगा। रोहिडावाली गांव में जमीदारों ने हरिजनों की खडी फसलो ंपर ट्रैक्टर फेर दिया लकिन उनको ठीक मुआवजा नहीं दिलवाया गया। इसके बावजूद भी सरकार कहती है कि हम हरिजनों के लिये बहुत कुछ कर रहे है।

इसके बाद चेयरमैन साहब मैं ला एंड आर्डर के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । हमारी सरकार कहती है कि प्रानत में सब कुछ अच्छा है। पिछले दिनों आपको पता है डबवाली में दिन दिहाडे बैंक में डकैती पडी थी। पुलिस को उसी वक्त इंफार्म कर दिया गया था। अगर पुलिस उसी वक्त आ जाती तो हो सकता है कि डकैती पडने से बच जाती लेकिन पुलिस वहां आधे घंटे के बाद आई।

इसी तरह का वहां का एक केस और है। पिछले साल की बात है कि तरसेम लाल नाम के व्यक्ति के लडके को यू0पी0 से आये हुये कुछ बमा । उठाकर यू0पी0 ले गये थे जिसे पुलिस आज तक बरामद नहीं कर सकी।

चेयरमैन साहब, एक और बात मैं आपको बताता हूं। डबवाली हल्के में खुइयामलकाना एक गांव है। वहां एक कांग्रेसी आदमी ने, जिसका का नाम मैं लेना नहीं चाहता एक सांड मरवा दिया था। उसकी एप्रोच उपर तक होने की वजह से वह बात वहीं दब गई। इनसब बातों से पता लगात है कि ला एंड आर्डर की हालत हरियाणा में अच्छी नहीं हैं हरियाणा में आज दिन दिहाडे बैंक लूटे जाते है, बसों में और रेलों में डकैतियां होती है।लोगों को जान और माल खतरे में है। इसलिये मैं कहता हूं कि यह सरकार निकम्मी है और इस निकममी सरकार को हमें बदलना है। इन भाब्दों के साथ मैं इन डिमांडज का विरोध करता हूं।

चौधरी बीरेन्द्र सिंह (उचाना कलां): सभापति महोदय, मैं डिमांड नं0 4, 15, 17 और 22 पर अपने विचार रखने चाहूंगा। (विघन)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: चेयरमैन साहब, मुझे समय नहीं मिल रहा हूं। मैं कई बार लिखकर भी दे चुका हूं।

श्री सभपति : चौधरी साहब, आपको भी समय मिलेगा। अभी आप बैठिये।

चौधरी बीरेन्द्र सिंह: सभापति महोदय, 1982–83 के लिये जो बजट सदन में पे ा कियागयाथा उसमें बजट का लगभग 78 प्रति ात सिंचाई बिजली व कृशि पर खर्च करने का सरकार का नि चय है जिससे यह बात जाहिर होती है कि हरियाणा की

सरकार हरियाणा के अन्दर किसान की और मजदूर की आर्थिक अवस्था को सुधारने के लिये एक नि चय लिये हुये है। इतनी बडी धनरा‍ि ा जो सरकार कृशि पर खर्च करने जा रही है। वह इस बात की प्रतीक है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी द्वारा जो नया बीस सूत्री कार्यकम पे ा किया गया है, उस पर यह सरकार पूर्ण रूप से अमल कर रही है। सभापति महोदय 20 सूत्री कार्यकम में 9 सूत्र कृशि से या सिंचाई से सम्बन्धित है और 5 सूत्र गरीब हरिजनों , पिछडी जाजियों और आदिवासियों आदि से सम्बन्धित है। सभापति महोदय विरोधी पक्ष के भाइयों की ओर से भिन्न–2 मदों पर दिये गये पैसे के विशय में दलीलें दे कर किटिसिज्म किया गया है। मैं उनकी दलीलों का जवाब न दे कर कुछ सुझाव सदन के सम्मुख रखना चाहता हूं। मेरे दिये हुये सुझावों पर सरकार विचार करे। आज हरियाणा खेती के मामले में अग्रणीय है। हमें सोचना है कि हरियाणा किसी प्रकार से आगे बढ सकता है। आज दन में प्र नोत्तर काल में फसलों के बीमें के विशय में काफी चर्चा हुई। मंत्री महोदय ने जवाब देते हुये बताया कि किस प्रकार से पायलट स्कीम फसलों के बीमें के लिये इन्ट्रोडयुस की गई है? चेयरमैन साहब जिस प्रकार से यह स्कीम इन्ट्रोडयुस की गई है, उस प्रकार से किसानों का भला होने वाला नहीं हैं उन्होनें हाउस में बताया किसारी तहसील को एक यूनिट बनाकर ओर उसकी एवरेज निकाल करउसकी धन रा‍ि ा मिलेगी। अगर एवरेज कम निकली तो उसे बहुत कम मिलेगा। मेरा सुझाव है कि किान का व्यक्तिगत तोर पर बीमा कराये या न कराये। इतने

कम्पलीकेटिड प्रोसीजर से एवरेज निकालेगें तो बडी परे ाानी होगी। स्टैटीस्टिकल और एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट द्वारा एवरेज निकालने पर जी0आई0सी0 बीमा करेगी तो गलत बात होगी। एग्रीकल्चर मार्किटिंग बोर्ड जिसकी सालाना आच 20 करोड के लगभग है, उसका सारा का सारा पैसा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मंडियों पर खर्च किया जाता है। यानि मंडी की हदूद में खर्च होता है। मैं आपके जरिये सरकार को सुझाव देना चाहता हूं कि हरियाणा मार्किटिंग बोर्ड एक्ट में तरमीम की जाये। वह तरमीम इस बात को ध्यान में रखते हूये की जाये कि जो पैसा हरियाणा मार्किटिंग बोर्ड से आता है उसे कौमन पूल में डाल दिया जाये। अगर बीस करोड़ को हम कौमन पूल में डाल`दगें तो किसानों की कि त दी जा सकती है।। इसलिये मेरा सुझाव है कि किसानों के प्रीमीयम की कि त मार्किटिंग बोर्ड अदा करे। यदि मार्किटिंग बोर्ड 60 परसैंट किस्त अदा करता है तो 40 परसैंट किसान अदा करे ताकि किसान का भी इन्ट्रसट बना रहै। ऐसा करने से किसान पर भी ज्यादा भार भी न होगा और वह अपनी फसल बीमा करा सकेगा। पहले सभी फसलों का बीमा करने काप्रोगग्रम नहीं था लेकिन अब सरकार ने फैसला किया हे कि गेहूं की फसल का बीमा किया जाये। गेहूं की फसल तो बहुत ही ज्यादा होती है। ओलावृश्टि या प्राकृतिक प्रकोप न हो तो गेहूं की फसल 25–30 मन फी एकड के हिसाब से तो निकल ही आती है। लेकिन बाजरा, सरसों और खासकर चने की फसल तो ऐसी है जो किसानों के लिये जुये के समान हैं इन्‍ ोरेन्स भी जुआ ही है। अगर किसान

बीस एकड में गेहूं बोता है तो सारी विपदाओं के बाद भी दो सौ या तीन सौ मन पैदा कर लेता है। बीस एकड में चना बोता हे तो वह बीससेर भी नहीं ले सकता। चने की फसल का बीमा बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार से आदमी कापता नहीं होता कि वह किस समय गुजर जाये। उसी प्रकार से चने की फसल का पता नहीं होता कि कब वह मर जाये। उसी आधार को रखते हुये पालिसी तय की जानी चाहिये। हरियाणा का किसान खलिहान से उठनके के बाद भी सोचता रहता है कि फसल घर आयेगी या नहीं। हरियाणा में पैडी और गेहूं की तो मेन क्रेप है लेकिन जो फसलें बिल्कुल उन कौमन है, उनके बारे में भी भयोरिटी किसान को मिलनी चाहिये कि अगर उसका नुकसान हो जायेगातो बीमें से कुछ मिल जायेगा। बीस सूत्री प्रोग्राम में भी तिलहन की फसल की बढौतरी का प्रोग्राम रखा गया है।

तिलहन की फसल का ऐतबार नहीं है। बारि ा न होतो भी खतरा है और बारि ा अधिक हो गई तो भी खतरा है। इसके अलावा अगर दूसरी विपदा आ गई तो भी फसल बरबाद हो जाती है। इसलिये मेरा सुझाव है कि मार्किटिंग बोर्ड द्वारा इन फसलों का बीमा कराया जाये।

चेयरमैन साहब, कृशि भुमि को मैं तीन वर्गों में बांटता हूं। एक वर्ग है जिसमें बहुत ही उपजाउ भुमि आती है। इस में जिला करनाल, कुरूक्षेत्र व कुछ हिस्सा अम्बाला, हिसार और जीन्द का भी आता है जो बहुत ही उपजाउ है। हमारा ि ावालिक हिल्ज

का एक बहुत लम्बा एरिया ळै। कालका से भाुरू होकर हथनी कुंड तक जाता हैं आज अगर हम उनकी आर्थिक अवस्था को देखें तो हमें पता चलेगा कि उनके पास कोई साधन नहीं हैं जिससे कि वे अपनी रोजी रोटी चला सके। सरकार ने वहां पर कुछ स्कीमों के लिये पैसा दिया है। एग्रीकल्चर फोरेस्ट और इरीगे ान डिपार्टमेंट को वाटर टैक्स के लिये यानि पानी इक्ट्ठा करके सिंचाई के साधन जुटाने क`लिये पैसा दिया हैं सरकार ने मारकन्डा और टांगरी पर बांध बना का इरीगे ान करने का भी प्रोग्राम बनाया था लेकिन इस बजट में इस प्रोजेक्ट के लिये पैसा नहीं दिया गया हैं वाटर टैक्स बनाने का तीन डिपार्टमेंट काम करते है। इस तरह से डिपार्टमेंटस मे काम की इतनी डुपलीकेसी होती है कि कोई भी डिपार्टमेंट काम नही कर सकता है। फोरैस्ट को अलग पैसा दिया जाता है। इरीगे ान को अलग और एग्रीकल्चर को अलग पैसा दिया जाता हैं इसलिये मेरा सुझाव हैं वाटर टैकंस बनाने के काम को युद्धस्तर अपने हाथ मे ले और दूसरी बात यह कि यह काम एक ही महकमे का सौपना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि भिवानी, महेन्द्रगढ़ और हिसार का रेतीला इलाका है। वहां सिचांई के साधन तभी अवेलेबल हो सकते है जब हरियाणा में रावी—व्यास का पानी आयेगा, लेकिन हमारी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में इस बात की रिसर्च को जाती है कि ड्राई फारमिंग कैसे की जाये? कैसे उपज बढायी जा सकती है, लेकिन किसानों को इस बारे मे कुछ नहीं बतलाया जाता वह ज्ञान

न तो उनको होता है न उनके पास पहुंचता है और न ही पहुचाने की कोि ा ा की जाती है। यदि उनको ड्राई फारमिंग का ज्ञान हो जाये तो किसान अपनी पैदावार बढा सकते है।

इसके अलावा मैं एक बात और भी कहना चाहता हूं कि आपके इलाके में और खासतौर पर रोहतक और गुडगांव के इलाके में बंजर जमीन है। इसकी रीकलेमे ान का काम लैंड पर जो काम हुआ है उसमें काफी प्रगति हुई है लेकिन सलाइन लैंड एक इंच भी रीकलेम नहीं की है। आज इस जमीन को ठीक करने के लिये बहुत फन्ड की जरूरत है । लाखों एकड भूमि बेकार पडी है। इसक`लिये सरकार को कितने ही करोड का प्रबन्ध करना पडे जरूर करना चाहिये। कृशि के बारे में एक बात और कहना चाहता हू। हरियाणा के लोग दिल्ली को लूटें तो हरियाणा की आर्थिक व्यवस्था बहुत सुधर सकती है। लूट से मेरा अभिप्राय सिर्फ इस बात से है कि दिल्ली की आबादी 60 लाख की है। उसके साढे तीन तरफ हरियाणा पडता हैं यानि दिल्ली आधी तरफ से तो यू0पी0 से धिराहुआ है लेकिन साढे तीन तरफ से हरियाणा से धिरा हुआ है। करोडो रूपये की सब्जी हर महीने दिल्ली की मंडियों मे जाती है। सभापति महोदय, कृशि विभाग की यह जिम्मेवारी हे कि वह हरियााा के किसानों को दिमागी तौर पर ऐसा बनायें कि वे अपना क्राप पैटर्न इस तरह से अपनायें कि दिल्ली के नजदीक जितने भी किसान है वे सब्जी से अपनी आर्थिक हालात को सुधारें। इसके लिये इस प्रकार का आर्थिक

